
दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471




# अमन लेखनी



छोटी उम्र के बड़े खिलाड़ी.........

क्यों जरूरी है खेलना .......

वर्ष : 11 | अंक : 249 | लखनऊ, 29 अगस्त, शुक्रवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## वैष्णो देवी भूस्खलन : योगी ने उप्र के मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये देने की घोषणा की

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी तीर्थयात्रा मार्ग पर हुए भूस्खलन में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए बुधवार को राज्य केमृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता की घोषणा की।

राज्य सरकार की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के निवासी रहे सभी मृतक तीर्थयात्रियों के परिजनों के लिए चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की। बयान के अनुसार योगी ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि पीड़ितों के पार्थिव शरीर जल्द से जल्द उत्तर प्रदेश में उनके पैतृक स्थानों पर पहुंचाए जाएं।

हालांकि यह पुष्टि हो गई है कि इस त्रासदी में मारे गए लोगों में कुछ उत्तर प्रदेश के निवासी भी शामिल हैं लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि राज्य के कितने लोग इस घटना में मारे गए। सूत्रों के मुताबिक भूस्खलन में मारे गए उत्तर प्रदेश के लोगों में बागपत जिले की एक नवविवाहिता और उसकी बड़ी बहन शामिल हैं। परिवार के तीन अन्य सदस्य भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

मृतकों की पहचान खेकड़ा निवासी मयंक गोयल की पत्नी चांदनी (23) और उसकी बड़ी बहन नीरा (36) के रूप में हुई है। घायलों में चांदनी के पति मयंक, नीरा के पति अमित (40) और उनकी 10 साल की बेटी विधि शामिल हैं। परिवार के सदस्यों ने बताया कि मयंक और चांदनी की शादी इसी साल अप्रैल में हुई थी। परिवार 25 अगस्त को ट्रेन से मंदिर के लिए रवाना हुआ था। दर्शन के बाद जब वे लौट रहे थे तभी अचानक हुए भूस्खलन के कारण विशालकाय पत्थर उन पर गिर पड़े। मयंक के चाचा अनिल गोयल ने स्थानीय मीडिया को बताया, हमें अस्पताल के एक कर्मचारी के जरिए दुर्घटना की जानकारी मिली जिसने हमें मयंक के फोन से फोन किया था। इसके बाद परिवार के लोग तुरंत जम्मू पहुंच गये।

गाजियाबाद निवासी नीरा की शादी मेरठ के जौहरी अमित से हुई थी। उनके ससुर अशोक ने कहा, जब देर रात तक उनसे संपर्क नहीं हो पाया, तो हमें लगा कि कुछ हुआ है।

### प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कथित अपशब्दों को मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने राजनीतिक पतन बताया

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेबृहस्पतिवार को बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत माँ के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र के इस्तेमाल की निंदा की और इसे राजनीतिक पतन का संकेत बताया। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस और राजद (राष्ट्रीय जनता दल) के मंच से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लिए प्रयुक्त अभद्र अत्यंत निंदनीय एवं राजनीतिक मयार्दा का पतन है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा किया गया यह कृत्य सिर्फ प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों की भावनाओं का अपमान है। मुख्यमंत्री ने कहा, याद रहे, एक साधारण माँ ने अपने संघर्षों और संस्कारों से ऐसे पुत्र को गढ़ा, जिसने स्वयं को राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर दिया और आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में जन-जन के मन में बसते हैं।

## मंत्रिमंडल का फैसला अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे पर सरकार के ध्यान को दर्शाता है: मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कनेक्टिविटी और अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे पर उनकी सरकार का ध्यान कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार और असम को लाभान्वित करने वाली तीन परियोजनाओं को मंजूरी देने के मंत्रिमंडल के फैसले में परिलक्षित होता है। मोदी ने एक्स पर कहा, कनेक्टिविटी और अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे पर हमारा ध्यान आज के मंत्रिमंडल के फैसले में एक बार फिर प्रतिबिंबित हुआ है, जो कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार और असम को लाभ पहुंचाने वाली तीन परियोजनाओं के मल्टी-ट्रैकिंग और गुजरात में कच्छ के दूरदराज के इलाकों में एक नयी रेलवे लाइन से संबंधित है।

इससे पहले, एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने 12,328 करोड़ रुपये की लागत वाली चार रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं में देशलपार-हाजीपीर-लूना और वायोर-लखपत को जोड़ने वाली एक नयी रेल लाइन का निर्माण, सिकंदराबाद (सनथनगर)-वाडी के बीच तीसरी और चौथी लाइन, भागलपुर से जमालपुर तक तीसरी लाइन और फुर्केटिंग-न्यू तिनसुकिया दोहरीकरण का शामिल है। मंत्रिमंडल ने 7,332 करोड़ रुपये के व्यय के साथ रेहड़ी-पटरी वालों के लिए प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के पुनर्गठन और विस्तार को 31 मार्च, 2030 तक के लिए मंजूरी दे दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार रेहड़ी-पटरी वालों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह निर्णय रेहड़ी-पटरी वालों के जीवन को बदलने में मदद करेगा।

### मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

## हरियाणा की महिलाओं को मिलेंगे 2,100 रुपये प्रति माह

सीएम नायब सिंह सैनी ने बता दी तारीख

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को घोषणा की कि राज्य सरकार 25 सितंबर से 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' लागू करेगी, जिसके तहत पात्र महिला लाभार्थियों को 2,100 रुपये मासिक सहायता मिलेगी, जो सत्तारूढ़ भाजपा का एक प्रमुख चुनावी वादा पूरा करेगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक के बाद इस निर्णय की घोषणा की, जिसमें योजना के कार्यान्वयन से संबंधित एकल एजेंडा को मंजूरी दी गई। सैनी ने बताया कि हरियाणा मंत्रिमंडल ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लागू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह योजना 25 सितंबर, दीनदयाल उपाध्याय (एक प्रमुख पार्टी विचारक) की जयंती से लागू होगी। सैनी ने बताया कि इस योजना के तहत, सभी पात्र महिला लाभार्थियों को हर महीने 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता मिलेगी। 25 सितंबर से 23 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि चाहे विवाहित हों या अविवाहित, दोनों श्रेणियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। सैनी ने बताया कि इस योजना के पहले चरण में, हमने उन परिवारों को शामिल करने का निर्णय लिया है जिनकी वार्षिक आय 1 लाख रुपये से कम है।

## हरियाली संवारने में अहम भूमिका निभा रही हैं जीविका दीदियां

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण को मिल रही मजबूती

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, बिहार में सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत बनीं जीविका दीदियां, जिन्होंने शराबबंदी, दहेज प्रथा और बाल-विवाह जैसी बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाकर गांव-गांव में नई सोच जगाई है, अब पर्यावरण बचाने की मुहिम में भी सक्रिय हो गई हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा वर्ष 2019 में आरंभ किया गया जल-जीवन-हरियाली अभियान आज पूरे राज्य में जनांदोलन के रूप में खड़ा है। इस अभियान को सफल बनाने में जीविका दीदियों ने हरित जीविका-हरित बिहार कार्यक्रम के अंतर्गत करोड़ों पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की ऐतिहासिक पहल की है।

चार करोड़ से ज्यादा पौधे लगाए

राज्य के ग्यारह लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी एक करोड़ चालीस लाख से अधिक दीदियों ने अब तक चार करोड़ से ज्यादा पौधे लगाए हैं। पौधों की लगातार बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए दीदी की नर्सरी की शुरूआत की गई। आज जीविका दीदियों द्वारा संचालित नर्सरियों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ महिलाओं की श्रम भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में भी नेतृत्व का कार्य कर रही हैं।

987 दीदी की नर्सरी संचालित

जीविका, मनरेगा और वन एवं पर्यावरण विभाग के सहयोग से पूरे राज्य में अब तक 987 दीदी की नर्सरियां संचालित हो चुकी हैं। इनमें 677 नर्सरियां जीविका व मनरेगा की साझेदारी से और 310 नर्सरियां वन विभाग के सहयोग से चल रही हैं। गौर करने वाली बात है कि 2019-20 में इनकी संख्या मात्र 350 थी, जो पांच साल में करीब तीन गुना बढ़ गई है।

लाखों पौधों की आपूर्ति और करोड़ों की आय

दीदी की नर्सरी से विभिन्न प्रजातियों के औसतन 20 हजार पौधे उपलब्ध कराए जाते हैं। हर वर्ष जून से अक्टूबर के बीच बड़े पैमाने पर पौधों का वृक्षारोपण होता है।

### संक्षिप्त समाचार

#### सोरेन ने दुर्घटनाओं में मारे गए तीन कर्मियों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये के चेक सौंपे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

झारखंडः झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अलग-अलग दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले तीन सरकारी कर्मचारियों के परिवारों को बृहस्पतिवार को एक-एक करोड़ रुपये के चेक सौंपे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गुमला के कांस्टेबल अजीत कुमार, सरायकेला के कांस्टेबल अनिल कुमार और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुशील कुमार मरांडी अलग-अलग दुर्घटनाओं में मारे गए थे। मृतकों के परिवारों को राज्य विधानसभा में एक विशेष बीमा योजना के तहत यह राशि प्रदान की गई। सोरेन ने चेक सौंपने के बाद एक्स पर लिखा, हमारी सरकार राज्य में कार्यरत उन कर्मचारियों के परिवारों के साथ हमेशा खड़ी है, जिनकी सेवा के दौरान किसी दुर्घटना में मृत्यु हो गई।

#### किसी अन्याय के आगे मत झुको : ममता बनर्जी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपने पद का सम्मान करने की अपील की और कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि प्रधानमंत्री राज्य के लोगों को चोर कहकर पूरे राज्य का अपमान करेंगे। प्रधानमंत्री की हालिया टिप्पणियों का ज़िक्र करते हुए, जिसमें उन्होंने कहा था कि भ्रष्टाचार, अपराध और तृणमूल कांग्रेस एक दूसरे के पर्याय हैं, बनर्जी ने कहा, मुझे प्रधानमंत्री से इसकी उम्मीद नहीं है। मैं उनके पद का सम्मान करती हूँ, लेकिन उन्हें भी हमारे पद का सम्मान करना चाहिए। उन्हें यह क्यों कहना चाहिए, मैंने धन रोक दिया क्योंकि बंगाल में चोर हैं? अब एक दिन बाज ममता ने अपनी पार्टी के कार्यकताओं को संबोधित किया है।

## जन्मदिन की खुशियां मातम में बदली, पालघर में इमारत ढही, 15 की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



पालघर, महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार में इमारत ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है, क्योंकि बचाव दल ने बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात तीन और शव बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 50 फ्लैटों वाली यह अनधिकृत चार मंजिला इमारत बुधवार रात 12.05 बजे विरार इलाके के विजय नगर में एक खाली पड़े मकान पर गिर गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग 50 फ्लैट वाली यह अनधिकृत चार मंजिला इमारत मंगलवार रात 12 बजकर पांच मिनट पर विरार इलाके के विजय नगर में एक खाली पड़े मकान पर गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चौथी मंजिल पर एक साल की बच्ची का जन्मदिन मनाया जा रहा था, तभी इमारत के एक हिस्से में 12 फ्लैट ढह गए, जिससे फ्लैट में रहने वाले लोग और मेहमान मलबे में दब गए।

पालघर की जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने बृहस्पतिवार सुबह पुष्टि की कि इस घटना में मृतकों की संख्या 15 हो गई है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य बचाव दल यह सुनिश्चित करने के लिए मलबा हटाने का काम जारी रखेंगे कि मलबे में कोई और व्यक्ति तो फंसा नहीं है।

एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडर प्रमोद सिंह के अनुसार, एनडीआरएफ की दो टीमें दुर्घटनास्थल पर पहुँचीं - एक मुंबई से और एक पालघर से। जैसे ही रात 12 बजे सूचना मिली, निकटतम टीम ने तुरंत कार्रवाई की। एनडीआरएफ की टीमों के साथ-साथ अग्निशमन विभाग और स्थानीय पुलिस सहित आपातकालीन सेवाएँ भी सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेड्स लगा दिए हैं और आस-पास की इमारतों की संरचनात्मक अखंडता का आकलन कर रहे हैं। एहतियात के तौर पर आस-पास की इमारतों में रहने वाले कई निवासियों को अस्थायी रूप से बाहर निकाल दिया गया है।

बचाए गए लोगों का विरार और नालासोपारा के अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी खोज जारी रखे हुए हैं कि कोई फंसा न रहे और इमारत ढहने के कारणों की आगे जाँच कर रहे हैं।

## 27% ओबीसी आरक्षण पर सर्वदलीय बैठक

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने चर्चा का किया स्वागत


एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरुवार को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री आवास में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के मुद्दे पर हुई सर्वदलीय बैठक में हुई चर्चा का स्वागत करते हुए कहा कि यह उत्साहजनक है कि नेताओं ने दलगत भावना से ऊपर उठकर आरक्षण लागू करने पर सहमति जताई। कांग्रेस अध्यक्ष ने इस बात पर भी जोर दिया कि जिन लोगों ने इसे छह साल तक लटकाए रखा, उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में गुमराह करने वाले और सरकारी धन की भारी बबार्दी करने वाले संबंधित अधिकारियों और वकीलों को दंडित किया जाना चाहिए। बैठक के बाद पटवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ओबीसी आरक्षण पर कांग्रेस पार्टी द्वारा लाई गई कानूनी बाधाओं पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इस मामले में कई तरह की दलीलें हैं, जिनमें पक्षों और वकीलों की अलग-अलग राय है।

## हम एक वोट भी चुराने नहीं देंगे : राहुल गांधी

### बिहार की मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख गरीबों के नाम

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि बिहार की मतदाता सूची से 65 लाख गरीब और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के नाम हटा दिए गए हैं। 'मतदाता अधिकार यात्रा' के तहत सीतामढ़ी में एक रैली को संबोधित करते हुए, गांधी ने कहा कि बिहार के लोग भाजपा और चुनाव आयोग को अपने वोट के अधिकार से छीनने की अनुमति नहीं देंगे। जानकी मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना करने के बात राहुल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग बिहार में 'वोट चोरी' करने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए हमने यहां 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली है। भाजपा और चुनाव आयोग ये जान लें कि बिहार की जनता जागरूक है, वो इन्हें 'वोट चोरी' करने नहीं देगी।

राहुल गांधी ने कहा कि बिहार ने अपनी पूरी ताकत 'वोटर अधिकार यात्रा' में डाल दी है। आज यहां का बच्चा-बच्चा ये कह रहा है कि नरेंद्र मोदी 'वोट चोरी' करते हैं। वोट चोर - गद्दी छोड़। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में हमने सबूत के साथ दिखाया है कि इखढ ने 'वोट चोरी' की है। भाजपा के लोग ध्यान से सुन लें- हमने अभी सिर्फ एक विधानसभा का सबूत दिया है। आने वाले समय में हम लोकसभा, हरियाणा और बाकी प्रदेशों में भी 'वोट चोरी' का सबूत देंगे। हम ये साबित कर देंगे कि बीजेपी-आरएसएस 'वोट चोरी' कर ही चुनाव जीतते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि बाबा साहेब ने हमें जो संविधान दिया है, वो एक पवित्र किताब है। इसमें हमारे देश की सोच है, विचारधारा है। संविधान ने ही दलितों को सम्मान और स्वाभिमान से जीने का अधिकार दिया है, लेकिन इखढ के लोग ये अधिकार आपसे छीनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में जो 65 लाख वोट कटे हैं, उनमें दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, गरीबों के नाम हैं... अमीरों का नाम नहीं है। भाजपा आपकी आवाज को दबाना चाहती है, लेकिन मैं ये साफ कह दूं- हम आपके साथ खड़े हैं, इन्हें आपकी आवाज दबाने नहीं देंगे।

## किसानों के साथ हो रहा धोखा, ट्रंप टैरिफ पर केजरीवाल ने मोदी सरकार को घेरा

### हमें अमेरिका पर 100% टैरिफ लगाना चाहिए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, आप नेता अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भारतीय किसानों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने कहा कि देश के 90-95% किसानों को पता ही नहीं है कि उनके साथ क्या हुआ है। सरकार ने गुरुवार को शुल्क-मुक्त कपास आयात को तीन महीने के लिए और बढ़ा दिया। अब कपड़ा व्यापारी 31 दिसंबर तक बिना आयात शुल्क के कपास का आयात कर सकते हैं। इससे पहले सरकार ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक यह छूट दी थी। केंद्र सरकार के अनुसार, कपड़ा व्यापारियों को 50% अमेरिकी टैरिफ के बोझ से राहत देने के लिए यह फैसला लिया गया है लेकिन भारत सरकार के दावे के विपरीत, केजरीवाल ने कहा कि इस कदम से वास्तव में भारतीय कपास उत्पादकों को नुकसान होगा। केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने हमारी पीठ पीछे कुछ ऐसे फैसले लिए हैं जो पूरे देश के किसानों के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात है। हाल ही में ट्रंप और अमेरिका के दबाव में ये फैसला लिया गया है कि अमेरिका से जो कपास भारत आता है, उस पर अभी तक 11% ड्यूटी लगती थी... पिछले दिनों मोदी सरकार ने फैसला लिया है कि अमेरिका से आने वाले कपास पर जो 11% ड्यूटी लगती थी, उसे हटा दिया गया है।

उन्होंने कहा कि अब 19 अगस्त से 30 सितंबर तक, यानी 40 दिनों तक अमेरिका से आने वाले कपास पर कोई ड्यूटी नहीं लगेगी। अब अमेरिका से जो कपास आएगा या आना शुरू हो गया है, वो भारत में भारतीय किसानों के कपास से लगभग औसतन 15-20 रुपये प्रति किलो सस्ता है। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 50% टैरिफ लगाया है, तो हमें अमेरिका पर 100% टैरिफ लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी से मांग करते हैं कि कपास पर 11% आयात शुल्क वापस लेने के इस आदेश को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए और अमेरिका से आने वाले कपास पर पुनः 11% आयात शुल्क लगाया जाए और हमारे देश के किसानों को बचाया जाए।

## सर्प के डसने से छात्रा की मौत, मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। घर के बाहर झाड़ियों के पास खेल रही पांचवी की छात्रा की जहरीले सर्प के डसने से मौत सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रहीमाबाद इलाके के बहिर निवासी पिता रिंकू ने बताया कि बेटी वर्षा बुधवार शाम घर के बाहर झाड़ियों के किनारे बच्चों के साथ खेल रही थी। उसी दौरान अचानक उसे एक जहरीले सर्प ने डस लिया। सर्प के डसने की खबर सुनते ही परिजन आनन फानन में पड़ोसी गांव के झाड़ फूक करने वाले के पास ले गए जहां बच्ची की नाजुक स्थिति देख उसे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही पांचवीं की छात्रा ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में माता कंचन, बहनें माही, मिस्टी, भाई ऋषभ जिनका रो-रो कर बुरा हाल है, मृतका वर्षा गांव में स्थित एक प्राथमिक विद्यालय में पांचवी की छात्रा थी।

## निशुल्क मिनी किट हेतु 31 अगस्त तक करें आवेदन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। किसानों को तिलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सहायतित तिलहन मिनीकिट योजना अंतर्गत राज्य सरकार मुफ्त मिनी किट वितरित कर रही है, जिसके लिए कृषि विभाग के आधिकारिक पोर्टल agridarshan.up.gov.in पर 31 अगस्त, 2025 के मध्य रात्रि तक ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है। इस योजना के तहत, किसान भाइयों को तोरिया (लाही) और सरसों के बीज की मिनी किट मुफ्त में प्राप्त हो सकेंगी।

ऑनलाइन बुकिंग हेतु आवश्यक अभिलेख -

01 -पंजीकरण संख्या( आधार कार्ड /बैंक खाता अथवा मोबाइल नंबर से प्राप्त हो सकेगा)

02-आधार रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर

जिस भी किसान भाई को तोरिया बीज की आवश्यकता हो वे कृपया तत्काल किसी नजदीकी जन सेवा केंद्र से उपरोक्त लिंक के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग करा सकते हैं किसी भी असुविधा हेतु राजकीय कृषि बीज भंडार मलिहाबाद और माल पर संपर्क करें।

# करणी सेना संस्थापक लोकेन्द्र सिंह कालवी की जन्म जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। श्री राजपूत करणी सेना, दिल्ली एनसीआर स्व. ठाकुर लोकेन्द्र सिंह कालवी जी की द्वितीय जन्मजयंती के उपलक्ष्य में 'लोकेन्द्र सिंह कालवी समाज रत्न सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के कई होनहार व्यक्तियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बृजभूषण शरण सिंह पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कुश्ती संघ, दयाशंकर सिंह मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, ठाकुर पूरन सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान मजदूर संगठन, अंशुमान आनंद सुपुत्र लवली आनंद (शिवहर सांसद) मनोज कुमार सिंह (वरिष्ठ भाजपा नेता, उत्तर प्रदेश) 'मुख्य अतिथि बृजभूषण शरण सिंह और दयाशंकर सिंह ने ठाकुर लोकेन्द्र सिंह कालवी के जीवन पर प्रकाश डाला उनसे जुडी कई घटनाओ और संस्मरण को याद किया दयाशंकर सिंह ने बताया की कैसे जब उनका समय विपरीत था तो कालवी साहब ने कैसे उनके क्षेत्र मे पहुंचकर सभी को एक किया और चुनाव जितवाया।

पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह ने कहा राजपूत करणी सेना के संस्थापक स्वर्गीय लोकेन्द्र सिंह कालवी इस दुनिया में नहीं रहे लेकिन लोगों के दिलों में वे हमेश जिन्दा रहेंगे। भले ही वे राजनीतिक परिवार से थे, उनके पिता कल्याण सिंह कालवी केन्द्र में मंत्री रहे लेकिन उन्होंने सामाजिक कार्यों से अपनी एक अलग पहचान बनाई। सामाजिक भेदभाव और छुआछूत के धुर विरोधी रहे लोकेन्द्र सिंह कालवी सर्वसमाज के नेता थे। आइये उनके ऐसे कार्यों के बारे में जानते हैं जिन्हें समाज हमेशा उन्हें याद करेगा। लोकेन्द्र सिंह कालवी ऐसे नेता हैं जिन्हें सवर्ण समाज के लिए आरक्षण की मांग सबसे पहले उठाई थी। उनका कहना था कि केवल जातिगत आरक्षण से समाज के गरीब और असहाय परिवारों के साथ न्याय नहीं किया जा सकता। जरूरी नहीं कि केवल स्वर्ण जाति में जन्म लेने से व्यक्ति की आर्थिक और सामाजिक स्थिति अच्छी हो। आर्थिक आधार पर आरक्षण दिए जाने की मांग उठाने वाले लोकेन्द्र सिंह कालवी ने स्वर्ण समाज में एक नई चेतना जाग्रत की। उन्हीं की प्रेरणा की वजह से आर्थिक आधार पर आरक्षण दिए जाने का मुद्दा उठा। इसी की बदोलत आज स्वर्ण जातियों को भी आरक्षण का लाभ मिल रहा है। ठाकुर पुरण सिंह ने सभी को एकजुट रहने का और सभी को वोट की ताकत का मंत्र बताया, साथ ही ठाकुर लोकेन्द्र सिंह कालवी की अगली जन्मजयंती पश्चिम उत्तर प्रदेश के सहारनपुर मे मानाने का प्रस्ताव दिया. करनी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप कालवी ने आये हुए सभी अतिथियो का और उपस्थित जनसमुह का धन्यवाद दिया! ठाकुर पुरन सिंह के प्रस्ताव को मानते हुए पूरी करणी सेना की टीम की तरफ से सहारनपुर मे मानाने का निर्णय लिया! साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप कालवी ने बताया की करणी सेना के स्थापना दिवस पर आगामी 23 सितम्बर को मध्यप्रदेश के भोपाल मे कार्यक्रम प्रस्तावित है जिसकी तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर अतिथियों ने स्व. लोकेन्द्र सिंह कालवी जी के योगदान को याद किया और समाज के युवा वर्ग को प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस मौके पर प्रताप सिंह कालवी, जय भगवान रावल, दलवीर सिंह सिसोदिया, अतुल प्रताप सिंह, धीरज सिंह, विपिन पुंढिर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## यूपी में सिखाया जाएगा कचरे से खाद बनाना

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के दौरान जन भागीदारी बढ़ाने का होगा प्रयास

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कचरे को अलग करके जैविक खाद बनाने का अभियान तेज किया जाएगा। इसमें नागरिकों को घर पर ही सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग करने की जानकारी दी जाएगी। वर्तमान में कचरे को उसके स्रोत से ही अलग-अलग करने की प्रक्रिया की रफ्तार काफी धीमी है। ऐसे में स्वच्छता सेवा अभियान के दौरान इसमें जन भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। नगर विकास विभाग का दावा है कि प्रदेश के शहरी क्षेत्र के 61 प्रतिशत घरों से कूड़ा लिया जाता है। हालांकि इसमें से भी गीला व सूख कूड़ा अलग-अलग लेने के मामले में विभाग पिछड़ा हुआ है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2023 में गीला व सूखा कूड़ा उसके स्रोत पर ही अलग-अलग करके लेने का प्रतिशित मात्र 18.23 ही था। काफी प्रयासों के बाद वर्ष 2025 में कूड़े का स्रोत से ही अलग-अलग करने की प्रक्रिया बढ़कर सिर्फ 26 प्रतिशत ही पहुंची है। इसलिए इसे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। नगर विकास विभाग के अनुसार घर से निकलने वाले कूड़े का 60 फीसदी गीला कचरा होता है। जिसे दोबारा उपयोग किया जा सकता है। इसे सफाई मित्र को बिना अलग-अलग किए देने से इसका इस्तेमाल नहीं हो पाता है। इसे प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए वार्डों में बनी स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति (एसवीपीएस) के सदस्य गीले कचरे से जैविक खाद बनाने की प्रक्रिया सिखाएंगे। इसमें घर-घर जाएंगे और मोहल्लों के पार्कों में सामूहिक रूप से भी इसकी जानकारी दी जाएगी। अध्यक्ष सहित सात सदस्यों वाली समिति में शामिल वार्ड के वरिष्ठ नागरिक, युवा, महिलाएं, सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता, सफाई मित्र इसमें सक्रिया भूमिका निभाएंगे। घर से निकले गीले कूड़े जिसमें सब्जियों-फलों के छिलके, चाय की पत्ती, बिना तेल व नमक वाला बासी खाना, नारियल जटा, सूखे पत्ते, पेपर नैपकिन, गत्ता आदि से लगभग 30 से 45 दिन में खाद तैयार हो जाती है।

## आईआईएम से नैमिष नगर के लिए बनेगी 24 मीटर चौड़ी रोड

### अवैध प्लाटिंग पर होगी सख्त कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एलडीए की नैमिष नगर योजना आइआइएम से 24 मीटर चौड़े मार्ग से जोड़ी जाएगी। सीतापुर-रैथा रोड पर प्रस्तावित योजना की कनेक्टिविटी को और अधिक सुगम बनाने के लिए इसे आसपास के क्षेत्रों से जोड़ा जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरुवार को स्थल निरीक्षण करके अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। इसी क्रम में आइआइएम की तरफ से 24 मीटर चौड़ी कनेक्टिंग रोड बनाई जाएगी। जिसके लिए अधिकारियों व कंसल्टेंट को निर्देशित कर दिया गया है। नैमिष नगर योजना के दायरे में आ रही सभी अवैध प्लाटिंग को उपाध्यक्ष ने जीआइएस तकनीक के माध्यम से चिन्हित कराया है। निरीक्षण के दौरान अवैध प्लाटिंग पर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। इसमें पाया गया, प्रवर्तन जोन-चार की टीम द्वारा मौके पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, लेकिन स्टाफ की कमी के चलते प्रवर्तन कार्य की प्रगति धीमी है। उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन जोन-चार में दो अन्य अवर अभियंताओं व सहयोगी स्टाफ की तैनाती करने का निर्देश दिया है। अलीगंज के सेक्टर-जी में लगभग 8,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बने व्यावसायिक कांप्लेक्स को री-डिजाइन किया जाएगा। इस दो मंजिला कांप्लेक्स में आठ ब्लाक बने हैं और काफी पुराना निर्माण होने की वजह से भवन की हालत जर्जर है। लगभग 6,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्मित कपूरथला कांप्लेक्स को भी अपग्रेड किया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष योजना पर काम शुरू कराने का निर्देश दिया है। जानकीपुरम विस्तार में अटल चौराहा व एकेटीयू चौराहे पर कराए गए विकास व सुंदरीकरण के कार्यों को देखा। इसके बाद खरगापुर झील का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने एसटीपी स्थापित कराने का निर्देश दिया, जिससे आसपास के मकानों से निकलने वाले ड्रेन के पानी को ट्रीट करके झील में छोड़ा जाएगा। यहां पर मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा, जोनल अधिकारी संगीता राघव व अधिशासी अभियंता अशोक कुमार समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

## बख्शी तालाब में सीबीजी प्लांट बनकर तैयार

### ग्रीन गैस उत्पादन मामले में लखनऊ को बड़ी सफलता

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पेट्रोल-डीजल के अलावा दूसरे वैकल्पिक ईंधन के उत्पादन की दिशा में लखनऊ ने भी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बख्शी का तालाब में कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट तैयार है। इस प्लांट से प्रतिदिन 24 टन सीबीजी का उत्पादन किया जाएगा। इसका ट्रायल शुरू हो गया है और सितंबर से ही सप्लाई भी होने लगेगी। इस प्लांट में नैपियर घास और दूसरे बायोवेस्ट से गैस तैयार की जा रही है। प्लांट में कुछ तकनीक यूरोप की है, लेकिन अधिकांश इसे मेड इन इंडिया की तर्ज पर पर्यावरण के अनुकूल तैयार किया गया है।

### ग्रीन गैस लिमिटेड से किया अनुबंध

हरित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विवान बायोमास एनर्जिया कंपनी ने बख्शी का तालाब क्षेत्र के बीबीपुर गांव में सीबीजी प्लांट लगाया है। कंपनी ने ग्रीन गैस लिमिटेड से अनुबंध किया है, जो गेल इंडिया और इंडियन आयल कॉरपोरेशन का ज्वाइंट वेंचर है, जिसे मात्र चालीस हजार वर्ग फीट क्षेत्र में डाइजेस्टर्स का निर्माण किया गया है।

कंपनी के निदेशक अमित गोयल ने बताया कि प्लांट से उत्पादित की जाने वाली गैस को ग्रीन गैस लिमिटेड खरीदेगी। इसके अलावा कंपनी के भी फिलिंग स्टेशन होंगे, जहां से आम ग्राहकों को आपूर्ति की जाएगी। प्लांट में प्रतिदिन 24 टन शुद्ध बायोगैस तैयार करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। प्रथम चरण में छह टन गैस उत्पादन सफलतापूर्वक आरंभ हो चुका है।

### किसानों के लिए तैयार होती है जैविक खाद

इस संयंत्र को पूरी तरह पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। सबसे बड़ी विशेषता है कि इसमें पानी की कोई खपत नहीं होती है। यह प्लांट पूरी तरह से स्वचालित है, जिसका संचालन केवल एक कंप्यूटर के द्वारा किया जा सकता है। अमित गोयल का कहना है कि गैस के अलावा किसानों के लिए यहां पर जैविक खाद भी तैयार की जा रही है। फिलहाल तीस हजार लीटर तरल और 70 हजार किलो ठोस खाद प्रतिदिन तैयार की जा रही। गैस तैयार करने के लिए नैपियर घास और बायो वेस्ट आसपास के किसानों से ही लिया जा रहा है, जिससे उनको आर्थिक रूप से भी काफी मजबूती मिल रही है। करीब एक वर्ष पूर्व अमित ने प्लांट पर कार्य शुरू किया था। उनका कहना है कि वैसे तो सरकार की काफी योजनाएं हैं, लेकिन अनापत्तियों के लिए काफी चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस दिशा में प्रशासन को ध्यान देना चाहिए ताकि भविष्य में ईंधन और ऊर्जा की परियोजनाओं को जल्द पूरा किया जा सके। लखनऊ का यह पहला प्लांट है, जहां पर इतने बड़े पैमाने पर सीबीजी का व्यावसायिक उत्पादन किया जा रहा है।

## धूमधाम से संपन्न हुआ जन्माष्टमी रामडोल



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। धूमधाम से संपन्न हुआ जन्माष्टमी रामडोल विसर्जन कार्यक्रम माल क्षेत्र के थावर में स्थित मोहरा देवी मंदिर की ओर से इस बार जन्माष्टमी के अवसर पर सात दिवसी कथा का आयोजन उसके बाद भव्य रामडोल विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बन गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर विशेष पूजा-अर्चना के साथ भजन-कीर्तन और झांकियों का आयोजन किया गया था इसके बाद सात दिवसी कथा का आयोजन हुआ था इसके बाद रामडोल यात्रा निकाली गई, जिसमें डीजे, बैंड-बाजे पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ हरे राम हरे कृष्णा के सीता राम शब्द का श्रद्धालु उच्चारण झूमते और नाचते हुए शामिल हुए। कथा वाचक मुकेश पण्डित ने बताया कि राम डोल या कृष्ण विसर्जन में शामिल होने से मानसिक शांति, तनाव में कमी और लौकिक आसक्तियों से मुक्ति मिलती है, क्योंकि यह राधा-कृष्ण के नाम जप और भक्ति से जुड़ी एक आध्यात्मिक क्रिया है। इस क्रिया के माध्यम से व्यक्ति आध्यात्मिक प्रेम का अनुभव कर सकता है और मन की शुद्धि के साथ-साथ हृदय से अहंकार, लोभ और द्वेष जैसे विकारों को दूर कर सकता है, जिससे मन निर्मल और शुद्ध बनता है।

## लापरवाही से बिजली हादसे पर अधिशासी इंजीनियर तक होंगे जिम्मेदार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने बिजली हादसों को रोकने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए हैं। यदि लापरवाही से सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग नहीं किया गया या प्रशिक्षण की कमी के कारण कोई दुर्घटना होती है, तो संबंधित अवर अभियंता, सहायक अभियंता और अधिशासी अभियंता जिम्मेदार माने जाएंगे। इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। संविदा कर्मियों की आपूर्ति करने वाली एजेंसियों को भी निर्देश दिया गया है कि वे अपने कर्मियों को सुरक्षा उपकरणों के साथ ही कार्य करने के लिए प्रशिक्षित करें। पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने गुरुवार को बिजली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए। ये निर्देश विद्युत वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों से लेकर अधिशासी अभियंताओं तक भेजे गए हैं। अध्यक्ष ने कहा कि 33/11 केवी उपकेंद्रों के रखरखाव में कार्य करते समय कर्मियों को सुरक्षा उपकरण पहनने के बाद ही काम करने दिया जाए। बिना सुरक्षा उपकरणों के किसी को भी कार्य करने की अनुमति नहीं होगी। अध्यक्ष ने यह भी निर्देश दिया कि गैंग कार्य पर जाने से पहले इसकी सूचना उपकेंद्र पर रजिस्टर में दर्ज की जाए। गैंग के पास सभी सुरक्षा उपकरण होने की पुष्टि की जाए। अकुशल श्रमिकों से लाइन के रखरखाव का कार्य नहीं लिया जाएगा। मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता को सुरक्षा उपकरणों के वितरण के संबंध में दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना होगा। पिछले वर्ष विद्युत दुर्घटनाओं में 1123 मौतें हुई थीं। सभी डिस्काम को 11 सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें विद्युत सुरक्षा हेलमेट, दस्ताने, इलेक्ट्रिकल सेफ्टी शूज और अन्य उपकरण शामिल हैं।

## अनुशासनहीन और गैरहाजिर पाए जाने वाले 4 डॉक्टरों पर गिरी गाज

### डिप्टी सीएम ने दिए बर्खास्तगी के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। अनुशासनहीन और बिना सूचना लगातार गैरहाजिर चिकित्सकों पर गाज गिरी है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर लखनऊ के चार डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया गया है। एक डाटा इंट्री ऑपरेटर को भी नौकरी से हटा दिया गया है। बाकी छह चिकित्सकों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### किन्हें किया गया बर्खास्त?

लखनऊ के नीलमथा अबर्न पीएचसी की डॉ. शिल्पी गुप्ता, कल्लन खेड़ा अर्बन आयुष्मान मंदिर की डॉ. कीर्ति राय, चौपटिया के डॉ. मोहसिन रजा, कटरा विजनवेग के डॉ. मुस्तकुल आफरीन कुरैशी और डाटा इंट्री ऑपरेटर सरिता कुमारी को बर्खास्त कर दिया गया है।

हाथरस में एनस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. शालिनी गुप्ता, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनल अग्रवाल की अनुशासनहीनता और बिना बताए गैरहाजिर रहने की शिकायत हुई थी। शिकायत के आधार पर जून 2023 में चिकित्सकों को निलंबित कर दिया गया था। विभागीय जांच के आदेश दिए गए थे। जांच में आरोप सही पाए गए। दोनों डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त करने के निर्देश डिप्टी सीएम द्वारा जारी किए गए हैं।

### शुरू कर दी कार्रवाई

बरेली में सीएमओ के अधीन डॉ. पुनीत मेहरोत्रा, हाथरस में महौ सीएचसी के डॉ. आदित्य श्रीवास, बरेली में महिला चिकित्सालय की डॉ. अर्चना सिंह को बर्खास्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सिद्धार्थनगर में मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन तैनात डॉ. आजाद को नोटिस देकर बर्खास्त करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, चंदौली के जिला चिकित्सालय में तैनात डॉ. अशोक कुमार पर महिला कर्मियों से अभद्रता व मनमानी करने के आरोप लगे हैं। शिकायत पर डिप्टी सीएम ने डॉ. अशोक का तबादला बलिया में कर दिया। साथ ही विभागीय कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं। इन डॉक्टरों को कई बार नोटिस भी दी गई थी। लेकिन जवाब नहीं दिया।

### अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होंगे 22 अस्पताल

उत्तर प्रदेश के 22 अस्पतालों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा। पांच करोड़ 31 लाख रुपये से उपकरण स्थापित किए जाएंगे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने उपकरणों की खरीद के लिए वित्तीय स्वीकृत प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है।

अल्ट्रासाउंड, सीआर्म, डिजिटल एक्सरे समेत दूसरे उपकरण स्थापित किए जाएंगे। जनरेटर भी क्रय किए जाएंगे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि उन्नाव, अलीगढ़, लखनऊ, वाराणसी, कानपुर नगर, भदोही (2 चिकित्सालय), मुजफ्फर नगर, गाजियाबाद, फरुर्खाबाद (3 चिकित्सालय), आजमगढ़, बलिया, इटावा, संतकबीर नगर, मऊ, बाराबंकी (2 चिकित्सालय), महोबा, झांसी, गोरखपुर में अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरण स्थापित होंगे।

## पशु गिरोह का पर्दाफाश, बाल अपचारी समेत आठ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



पुलिस की गिरफ्त में भैंस चोर गिरोह

लखनऊ। मलिहाबाद पुलिस ने पशु चोरी के एक बड़े गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने एक बाल अपचारी सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की गई एक भैंस, एक पड़वा, 1400 रुपये नकद, 7 मोबाइल फोन और एक महिंद्रा पिकअप वाहन बरामद किया गया है। यह कार्रवाई लखनऊ पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर के निर्देश पर की गई। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हसनापुर पुलिया से आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में रेहान, शरीफ, शारुख उर्फ खल्लू, सुभाष, दिलशाद, वारिस, अरमान और एक बाल अपचारी सज्जन उर्फ गोलू शामिल हैं।

मामला 26 अगस्त का है, जब कासमंडी खुर्द के कमलेश ने भैंस और पड़वा चोरी होने की रिपोर्ट मलिहाबाद थाने में दर्ज कराई थी। पूछताछ में पता चला कि आरोपी एक संगठित गिरोह के रूप में काम करते थे। इन पर मलिहाबाद, माल सहित लखनऊ के विभिन्न थानों में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

बरामद पशुओं को मलिहाबाद गौशाला भेज दिया गया है और पिकअप वाहन को एमवी एक्ट के तहत जब्त कर लिया गया है। काकोरी निवासी यूसुफ फरार है, जिसपर धारा 317 के तहत अतिरिक्त कार्रवाई की गई है।

## कारखानों की संख्या में 15.91 प्रतिशत की बढ़ोतरी, जीवीए तक में सबसे आगे पहुंचा उत्तर प्रदेश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कारखानों की संख्या में 15.91 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। साथ ही जीवीए (सकल मूल्य संवर्धन) में 25.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कारखानों में कार्मिकों की संख्या 14.86 लाख से बढ़कर 16.26 लाख तक पहुंच गई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण (एएसआइ) 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार कारखानों की संख्या, कार्यरत कर्मियों और सकल मूल्य संवर्धन तीनों ही मोर्चों पर उत्तर प्रदेश अन्य राज्यों से आगे रहा है। एएसआइ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश का जीवीए वर्ष 2022-23 में 1.34 लाख करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 1.67 लाख करोड़ रुपये हो गया है। जीवीए में राज्य ने 25.03 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। यह दर राष्ट्रीय औसत 11.9 प्रतिशत से दोगुणा से भी अधिक है। वहीं प्रदेश में कारखानों की संख्या वर्ष 2022-23 में 19,102 से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 22,141 हो गई है। यह वृद्धि राष्ट्रीय औसत 2.7 प्रतिशत से लगभग सात गुना अधिक है। उत्तर प्रदेश के इस प्रदर्शन को लेकर सरकार की औद्योगिक नीतियों, निवेश प्रोत्साहन और बेहतर कानून-व्यवस्था को मुख्य कारण माना जा रहा है।

## राज्यरानी एक्सप्रेस के एसी कोच में धुआं निकलने से हड़कंप

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। राजधानी से मेरठ जा रही राज्यरानी एक्सप्रेस के एसी कोच में धुआं निकलने पर यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन की जांच की गई। इससे यह ट्रेन एक घंटा देरी से हरदोई पहुंची। काकोरी स्टेशन मास्टर की सूचना पर ट्रेन को मलिहाबाद रेलवे स्टेशन पर रोका गया।

करीब 20 मिनट की जांच के बाद धुआं नहीं मिला तो ट्रेन को रवाना किया गया। दिलावर नगर स्टेशन से फिर धुआं निकलने की जानकारी पर संडीला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को लूप लाइन पर ले जाकर दोबारा जांच की गई। यहां भी धुआं नहीं मिला। वहीं, लगातार धुआं निकलने की सूचना से यात्री घबराए रहे।

कई यात्री खिड़कियों और दरवाजों से झांकते हुए पहियों की ओर नजर बनाए रहे। बालामऊ स्टेशन पर टीएक्सआर स्टाफ ने एसी कोच की गहन जांच की पर कोई खराबी नहीं मिली। ट्रेन को फिट घोषित कर हरदोई की ओर रवाना किया गया। राज्यरानी एक्सप्रेस का निर्धारित समय से हरदोई एक घंटा देर से पहुंची। हरदोई स्टेशन पर रेल अधिकारी सतर्क रहे और कोच की जांच की। अधिकारियों ने आगे के स्टेशनों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए।

## पुलिस समेत उसके दो साथियों पर लेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

सफीपुर, उन्नाव। लेखपाल पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली युवती व उनके दो साथियों के खिलाफ क्षेत्रीय लेखपाल ने रास्ते में रोक गाली-गलौज मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा डालने के तहत माखी पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। माखी क्षेत्र में क्षेत्रीय लेखपाल पीयूष पाण्डेय ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि अचलगंज क्षेत्र के गांव जमुका निवासी युवती सोनी पाल ने माखी के कोटरा निवासी सौरभ सिंह व दीपक सिंह के साथ रास्ते में रोक कर गाली-गलौज व मारपीट कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की चूंकि पूर्व में युवती द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का वाद दायर किया था जिसमें एक युवक को भाई बताया था जिसकी आख्या लगने के बाद मुकदमा का फैसला विपक्ष मे हो गया था जिस उल्टी सीधे आरोप भी लगाये है इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवती सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, पति पत्नी समेत दो बच्चे घायल

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे मैं बाइक सवार दंपति समेत दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें राहगीरों ने सीएचसी पहुंचाया। जहां पति-पत्नी को नाजुक हालत के चलते चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी बिरजू 40 पुत्र रामस्वरूप अपनी पत्नी संगीता 33 व बेटा नितिन 13, बेटी आकांक्षा 8 को लेकर बाइक से बुधवार शाम बसीरतगंज बाजार में खरीददारी करने गया था। जहां से देर शाम वापस आने के दौरान राजमार्ग पर बिचपरी गांव के सामने अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार परिवार गंभीर रूप से घायल हो गया घायलों को राहगीरों ने अपने वहां से नवाबगंज सीएससी पहुंचा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने बिरजू और संगीता को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत भगवंतनगर कस्बे में नवविवाहिता की संदिग्ध अवस्था मे मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। भगवंत नगर कस्बे के वार्ड नंबर 5 की निवासिनी खुशबू पत्नी अंकित सिंह उम्र 20 वर्ष की तबीयत बुधवार देर रात अचानक बिगड़ गई आनन फानन में परिजन भगवंतनगर में ही प्राइवेट चिकित्सक के पास ले गए लेकिन हालत में सुधार ना देख उन्नाव के एक निजी अस्पताल ले गए जहां से डॉक्टरों ने कानपुर हैलेट रिफर कर दिया गया उपचार दौरान ही उसकी मौत हो गई। दिवंगत की 6 माह पूर्व ही शादी हुई थी। दिवंगत के भाई हेमंत सिंह पुत्र कन्हैया सिंह निवासी ग्राम अलीगंज सेढू तलैया थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा सूचना पर आए व बहन के शव का पंचायतनामा भरवा पोस्टमार्टम हेतु भेजवाया।

# पाकिस्तान की जेल से चार साल बाद भारत लौटा युवक, परिजनो ने कहा ये ईश्वर का चमत्कार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के अकरमपुर सुलतानखेड़ा वार्ड 48 का 45 वर्षीय सूरजपाल मानसिक बीमारी से पीड़ित था। अक्सर घर से निकल जाता और लौट आता। लेकिन साल 2020 की एक शाम वह गया तो कभी वापस नहीं आया। घरवालों ने रिश्तेदारी, आसपास के जिलों और थानों तक खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। धीरे-धीरे उम्मीदें भी टूटने लगीं। सूरजपाल के लापता होने के कुछ ही महीने बाद नवंबर 2020 में उसके पिता उमाशंकर का निधन हो गया। घर की जिम्मेदारी पत्नी सुरजा देवी और बेटे पिंटू पर आ गई। आर्थिक तंगी और मानसिक पीड़ा ने परिवार को हताश कर दिया। सुरजा देवी ने मान लिया कि अब पति शायद कभी न लौटे। करीब तीन साल बाद अचानक 1 जून 2024 को पाकिस्तान दूतावास



से सूचना आई-एक भारतीय नागरिक सूरजपाल लाहौर जेल में बंद है। आरोप था कि उसने बिना पासपोर्ट सीमा पार की। जांच के बाद प्रशासन ने पुष्टि की कि यह वही सूरजपाल है, जो सालों पहले लापता हुआ था। इस बीच पत्नी सुरजा देवी ने हार नहीं मानी। वह खुद वाघा बॉर्डर तक गईं, लेकिन निराश लौटीं। उन्होंने कहा - ₹लोग ताने मारते थे कि अब लौटेगा नहीं। पर मैंने हर मंदिर में माथा टेका। आज लगता है भगवान ने मेरी सुन ली।₹ अचानक घर वापसी लंबी कानूनी और राजनयिक प्रक्रिया के बाद सूरजपाल को रिहा किया गया। बुधवार की शाम वह उन्नाव के लोक नगर क्रॉसिंग के पास दिखा। चचेरे भाइयों ने पहचानकर घर पहुँचाया। घर पहुंचते ही पत्नी और बेटे की आंखों से आंसू छलक पड़े। मोहल्ले ने इसे किसी चमत्कार से कम नहीं माना।सूरजपाल अभी पूरी तरह सामान्य नहीं है। बातचीत में बार-बार भटक जाता है। उसने इतना बताया कि वह ट्रेन से चंडीगढ़ तक पहुंचा और पता नहीं चला कि कब पाकिस्तान की सीमा पार कर गया। परिवार अब उसका इलाज कराने की तैयारी में है।प्रशासन ने पाकिस्तान दूतावास से मिले पत्र के बाद तुरंत पड़ताल शुरू की और मानवीय आधार पर पहल की। अधिकारी बोले- ₹अक्सर मानसिक रोगी अनजाने में सीमा पार कर जाते हैं। ऐसे मामलों में सहयोग जरूरी है।₹ सूरजपाल की वापसी की खबर से पूरे मोहल्ले में खुशी की लहर है। बुजुर्ग रामप्रकाश ने कहा- चार साल बाद किसी का यूं लौट आना भगवान की मर्जी के बिना संभव नहीं था।

# गणेश महोत्सव का शुभारंभ, मूर्ति विसर्जन के लिए रूट निर्धारित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गणेश महोत्सव की शुरूआत हो गई है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की भीड़ और गणेश प्रतिमाओं के सुरक्षित विसर्जन के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। अधिकारियों ने गगनीखेड़ा झील और विसर्जन मार्ग का निरीक्षण किया। एडीएम सुशील कुमार, एएसपी अखिलेश सिंह, एसडीएम क्षितिज द्विवेदी और सीओ सिटी दीपक यादव निरीक्षण में शामिल रहे। उन्होंने नगर पालिका के ईओ मुकेश कुमार मिश्रा को झील की साफ-सफाई के निर्देश दिए। प्रशासन ने विसर्जन के लिए दो रूट तय किए हैं। उन्नाव शहर और मगरवारा से आने वाले श्रद्धालु सहजनी मार्ग से जाएंगे। चंपापुरवा-नेतुआ मार्ग भी विसर्जन केलिए खुला रहेगा। मरहला चौराहे का मार्ग आरओबी निर्माण के कारण बंद है। राज्य सेतु निगम से वार्ता



कर शुक्लागंज से आने वाली प्रतिमाओं के लिए इस मार्ग को खोलने पर विचार किया जाएगा।सुरक्षा व्यवस्था के लिए झील के किनारे पुलिस बल तैनात किया जाएगा। बैरिकेडिंग और रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। भीड़ वाले क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था के लिए विशेष योजना बनाई गई है। विसर्जन से पहले आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई और कीचड़ हटाने का काम किया जाएगा।

# सई नदी के पानी में उतरता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

हिलौली, उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत जनपद की सीमा से गुजरी सई नदी में एक व्यक्ति का शव तैरते हुए दिखाई देने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार मौरावां थाना क्षेत्र के ग्राम लउवा के संतु का 50 वर्षीय पुत्र रामदास सविता अपनी रोजी रोटी के चलते नाई की दुकान से चला रहा था। ग्रामीणों के अनुसार कल उसके घर मे परिजनों से कुछ कहासुनी हो गयी थी। जिसके बाद वो घर से चला गया था। रामदास सविता का शव आज गांव किनारे नदी में ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना परिजनों के साथ साथ मौरावां पुलिस को भी दी। मौके पर पहुंचें एसएचओ मौरावां कुँवर बहादुर सिंह ने शव को बाहर निकलवाया, और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही पूरी की। देर



शाम तक परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नही दी गयी थी। रामदास अपने पीछे पत्नी एवं 3 बेटियां और 1 बेटा छोड़ गया है, जिनका रो रोकर बुरा हाल है।

# बदलते मौसम में जिला अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बारिश और धूप के बदलते मौसम ने लोगों की सेहत को प्रभावित किया है। जिला अस्पताल में गुरुवार को एक हजार से अधिक मरीज पहुंचे। मरीजों की कतार जीने से लेकर दूसरी मंजिल तक देखी गई। अधिकतर मरीज सर्दी, जुकाम और वायरल बुखार की शिकायत लेकर आए। कई मरीजों में तेज बुखार के साथ कमजोरी की समस्या भी देखी गई। डॉक्टरों के अनुसार मौसम में अचानक बदलाव से वायरल बुखार तेजी से फैल रहा है। जिला अस्पताल और न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। दूसरी मंजिल पर डॉ. अक्षय कुमार और डॉ. रश्मि वर्मा ने मरीजों का परीक्षण



कर दवाएं दीं।डॉक्टरों ने बताया कि बारिश के बाद अचानक तेज धूप से वायरल संक्रमण बढ़ा है। उन्होंने लोगों को साफ पानी का उपयोग करने की सलाह दी। दूषित भोजन से बचने और पौष्टिक आहार लेने को कहा। घरों के आसपास पानी न जमा होने दें। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से बीमारी के शुरूआती लक्षण दिखते ही डॉक्टर से संपर्क करने की अपील की है। अस्पताल प्रशासन बढ़ती भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त व्यवस्था कर रहा है। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सतर्कता और सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

# भव्य गणेश चतुर्थी महोत्सव का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हिलौली, उन्नाव। मोहल्ला अभई सागर में महाकाल संगठन सेवा समिति के तत्वावधान में तृतीय भव्य श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन होना किया गया। वहीं रात में आशीष कॉमेडी पार्टी के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक झांकियों की प्रस्तुति देकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। गणपति बप्पा के जयघोष से पूरा पंडाल गुंजयमान रहा। बुधवार को अभई सागर मुहल्ले में प्रथम पूज्य गणपति जी की मूर्ति की स्थापना विधिविधान से आचार्य जीतेन्द्र कुमार दीक्षित ने कराई। उसके बाद जागरण का आयोजन किया गया। पूजन अर्चन के बाद आशीष शर्मा कॉमेडी के कलाकारों में दीपक वर्मा, आशीष शर्मा ने राधा कृष्ण की झांकी प्रसूति देकर सभी का मन मोह लिया। उसके बाद कलाकारों ने तरह तरह की झांकियों की प्रस्तुति देकर सभी को भाव विभोर किया। अमन शर्मा ने अपनी प्रस्तुति से सभी का ध्यान अपनी ओर



आकर्षित किया। इस अवसर पर गोलू शुक्ला, नीरज सोनी, सलोने शुक्ला, श्यामू साहू, शिवम पाल, धरम सिंह, शुभम सिंह, अरविंद वर्मा, पारो सिंह, अनिकेत सिंह, सोहन रावत, दीपू सिंह, आशीष शर्मा, आर्यन सैनी, सौरभ पाल, सुशील, धीरू दीक्षित सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में एक 25 वर्षीय युवक का शव आम के पेड़ पर लटका मिला। अरेर खुर्द गांव निवासी जगतपाल का पुत्र जसवंत इंटरमीडिएट तक पढ़ाई कर चुका था। नौकरी न मिलने पर वह मजदूरी के साथ राजमिस्त्री का काम सीख रहा था। बृहस्पतिवार सुबह करीब 6 बजे कुछ लोगों ने गांव से 500 मीटर दूर मदारपुर कैलई गांव निवासी राम औतार के आम के पेड़ पर उसका शव लटका देखा। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। करीब 9 बजे आसीवन थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर आए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर



पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक दो भाई और दो बहनों में तीसरे नंबर का था। उसका बड़ा भाई सुमंत और बहनें राधा व संगीता हैं। जसवंत अविवाहित था। मृतक की मां जगदेई समेत सभी परिजन शोक में डूबे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि अभी तक परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# खड़े डंपर से बाइक सवार युवक की टक्कर, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के कानपुर लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नेवरना गांव निकट काम कर वापस घर लौट रहा बाइक सवार युवक सड़क पर खड़े डंपर से टकरा कर सड़क से नीचे गिर गया। जिसे घायल अवस्था में अस्पताल भेजे जाने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है।



थाना क्षेत्र के बेहटा नथई सिंह निवासी 45 वर्षीय रविराज सिंह पुत्र बंश बहादुर सिंह निमार्णाधीन लखनऊ कानपुर एक्सप्रेस वे में अपना ट्रैक्टर भाड़े पर चलाता रहा है। बुधवार देर रात काम खत्म करके ट्रैक्टर को मंगत खेड़ा के पीएनसी गोदाम में खड़ा कर दिया। और बाइक लेकर एक्सप्रेसवे के रास्ते वापस घर आ रहा था। अभी नेवरना गांव पहुंचने वाला था कि उससे कुछ दूर पहले हाइवे के किनारे खड़े डंपर में पीछे से टकरा गया।टक्कर इतनी तेज थी कि वह उछल कर सड़क के नीचे गिर गया। वहा मौजूद कर्मचारियों ने उसे एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक रविराज सिंह पत्नी मनोजा सिंह के अलावा एक बेटा अरविंद सिंह को अपने पीछे छोड़ गया है। पूरे परिवार के भरण पोषण व बीमार चल रहे बेटे के इलाज की जिम्मेदारी रविराज सिंह के ऊपर थी। जिसकी मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

# घंटों लाइन में खड़े होने के बाद भी किसानों को नहीं मिल पा रही खाद

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। खरीफ सीजन के दौरान खाद की कमी किसानों के लिए समस्या बन गई है। जिले की अधिकांश समितियों पर खाद की उपलब्धता नहीं है। किसान घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे हैं। गुरुवार को शेखपुर नहर के पास स्थित समिति में किसानों ने विरोध किया। किसानों के मुताबिक, उन्हें खाद के लिए 4-5 घंटे लाइन में लगना पड़ता है। राजकुमार, महेश, मुकेश और रामलखन समेत कई किसानों ने बताया कि समिति में खाद का स्टॉक सीमित है। मांग ज्यादा होने से समय पर खाद नहीं मिल पा रही है। किसानों को खाद के लिए 6-7 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है।



समिति से खाद न मिलने पर वे मजबूरी में निजी दुकानों का रुख कर रहे हैं। वहां 1200 रुपए वाली खाद की बोरी 2000 रुपये में बेची जा रही है। इससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है।ग्रामीण क्षेत्र के किसानों का आरोप है कि समितियों में मनमानी हो रही है। बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। स्थानीय किसान खाली हाथ लौट रहे हैं। किसानों का कहना है कि समय पर खाद की आपूर्ति नहीं हुई तो धान की रोपाई और अन्य खरीफ फसलें प्रभावित होंगी। जिला कृषि अधिकारी शशांक का कहना है कि जिले में खाद का पर्याप्त इंतजाम किया गया है। उनका दावा है कि समितियों के माध्यम से किसानों को लगातार खाद मुहैया कराई जा रही है।

# खेत गए वृद्ध किसान का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के कैथलखेड़ा मजरा भगोड़ा गांव में एक वृद्ध किसान की अचानक मौत हो गई। बाबूराम 85 वर्ष पुत्र स्वर्गीय बृजलाल रोज की तरह गुरुवार को खेत पर गए थे। उन्होंने खेत में चारपाई डाली और आराम करने लगे। गांव के एक युवक ने उन्हें चारपाई पर अचेत अवस्था में देखा। उसने तुरंत परिजनों को सूचना दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो



बाबूराम की मौत हो चुकी थी। मृतक बाबूराम का परिवार गांव में रहता है। उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। उनका एक बेटा जगन्नाथ (55) खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। परिजनों के अनुसार, बाबूराम की तबीयत सामान्य थी और उन्हें कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।थाना प्रभारी के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# गणेश महोत्सव व बारावफात को लेकर एसडीएम ने की बैठक



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। तहसील सभागार में गुरुवार को एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने तीनो ब्लाकों के बीडीओ, ईओ व बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ गणेश महोत्सव व बारावफात को लेकर बैठक की।एसडीएम ने सभी थानाध्यक्षों से त्योहार के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहने व संदिग्धों की पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन रूटों पर गणेश चतुर्थी व बारावफात के जुलूस निकलेंगे उन रूटों पर पड़ने वाली विद्युत लाईन के चलते जुलूस निकलने तक सप्लाई को बंद रखा जाए।वहीं जहां जहां जुलूस निकलना है उनकी लिस्ट व रूट चार्ट बनाकर देने के निर्देश दिए है।एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने विसर्जन स्थल को लेकर बताया कि रात में लाइट की व्यवस्था रहे।जबकि आने जाने वाले मार्ग का निरीक्षण कर लिया जाए। इस दौरान तहसीलदार मनीष द्विवेदी,बीडीओ संतोष श्रीवास्तव , ईओ संदीप कुमार,नायब तहसीलदार नीरज

# हाइवे पर सुरक्षा को लेकर लगवाए गए दुर्घटना चेतावनी बोर्ड

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर यातायात विभाग ने हाइवे सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान शुरू किया है। यातायात प्रभारी सुनील सिंह के नेतृत्व में हाइवे के प्रमुख चौराहों और बाईपास पर चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। यातायात प्रभारी ने बताया कि हाइवे पर बिना हेलमेट वाहन चलाना और ट्रिपल सवारी जैसे नियम उल्लंघन आम हो गए हैं। वाहन चालक ओवर स्पीड और फोन पर बात करते हुए गाड़ी चलाते हैं। इससे वाहन का संतुलन




बिगड़ने से दुर्घटनाएं होती हैं। अजगैन में टीएसआई राजाराम यादव, दीवान संत शरण और संदीप सिंह स्वयं चेतावनी बोर्ड लगवा रहे हैं। वे लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील कर रहे हैं। विभाग का उद्देश्य है कि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोग सुरक्षित यात्रा करें।


## गणेश महोत्सव व बारावफात को लेकर एसडीएम ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। तहसील सभागार में गुरुवार को एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने तीनो ब्लाकों के बीडीओ, ईओ व बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ गणेश महोत्सव व बारावफात को लेकर बैठक की।एसडीएम ने सभी थानाध्यक्षों से त्योहार के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहने व संदिग्धों की पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन रूटों पर गणेश चतुर्थी व बारावफात के जुलूस निकलेंगे उन रूटों पर पड़ने वाली विद्युत लाईन के चलते जुलूस निकलने तक सप्लाई को बंद रखा जाए।वहीं जहां जहां जुलूस निकलना है उनकी लिस्ट व रूट चार्ट बनाकर देने के निर्देश दिए है।एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने विसर्जन स्थल को लेकर बताया कि रात में लाइट की व्यवस्था रहे।जबकि आने जाने वाले मार्ग का निरीक्षण कर लिया जाए।इस दौरान तहसीलदार मनीष द्विवेदी,बीडीओ संतोष श्रीवास्तव , ईओ संदीप कुमार,नायब तहसीलदार नीरज चतुवेर्दी आदि मौजूद रहे।


## अंतिम संस्कार में गंगा स्नान कर रहा युवक पानी में डूबा, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के बक्सर घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद गंगा स्नान कर रहे 40 वर्षीय युवक की गंगा में डूब जाने से मौत हो गई एक घंटे बाद शव मिलने पर पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम भेजा है। अचलगंज थाना क्षेत्र के गांव बंद हमीरपुर निवासी प्रेम शंकर रैदास पुत्र राम चरन गांव के ही कामता प्रसाद के अंतिम संस्कार में शामिल होने बक्सर घाट पर गए हुए थे ।अंतिम संस्कार पूरा होने के बाद प्रेम शंकर नमामि गंगे घाट पर लगभग 4 बजे स्नान कर रहे थे। गंगा में पानी का बहाव ज्यादा होने के चलते गहरे पानी में चले जाने से प्रेम शंकर डूब गए ।सूचना पर बक्सर चौकी इंचार्ज राजेंद्र मिश्रा ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से प्रेम शंकर को खोज निकलवाया, लेकिन प्रेम शंकर की मौत हो चुकी थी। मृतक की पत्नी का देहांत पहले ही हो गया था वह अपने भाई मुकेश के साथ रहता था ।थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजा गया है परिवार द्वारा तहरीर और पी एम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# साल दर साल आने वाली बाढ़ का जिम्मेदार कौन

भारत न केवल सांस्कृतिक विविधताओं का देश है बल्कि प्राकृतिक आपदाओं से भरा भी है। यहां हर साल बाढ़ से भारी आर्थिक नुकसान होता है। सैकड़ों लोगों की बाढ़ की चपेट आकर मौत हो जाती है। हर साल हर राज्य में बाढ़ बचाव के नाम पर अरबों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन बरसात आते ही सारे इंतजाम धरे के धरे रहे जाते हैं। बाढ़ की वजह से लाखों, करोड़ों नहीं बल्कि अरबों की संपत्ति का नुकसान हर साल होता है। लाखों की संख्या में लोग बेघर हो जाते हैं। हर साल बाढ़ के चलते बड़े पैमाने पर किसान तबाह होते हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में बाढ़ के चलते हर दशक लगभग 567 खरब रुपये का नुकसान होता है। केंद्र सरकार ने वर्ष 1978 में बाढ़ से बचाव के लिए 1727.12 करोड़ रुपये की परियोजना बनाई थी। वहीं, यह 2019 में बढ़कर 13238.36 करोड़ रुपये का हो गया। जबकि 2024 में यह बजट 11500 करोड़ रुपये था। वर्ष 2024 में संसद में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री ने राज्यसभा में बताया कि 1953-2017 तक बारिश और बाढ़ की वजह से देश को 3,65,860 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और 1,07,487 लाख लोग बाढ़ और बारिश की वजह से मारे गए। मतलब हर साल 5628.62 करोड़ रुपये का आर्थिक और 1700 लोग की मौत का नुकसान उठाने को हम भारतीय अभिशप्त हैं, लेकिन बाढ़ है कि साल दर साल विकराल रूप धारण करती जा रही है। इसी साल अब तक मानसून के मौसम में हजारों लोग बाढ़ या बादल फटने के कारण जान गंवा चुके हैं। राजस्थान के कई इलाकों में पिछले 2 दिन से भारी बारिश हो रही है। जयपुर, सीकर के कई इलाकों में पानी भर गया है। सीकर रेलवे स्टेशन पर ट्रैक डूब गया। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर 23 अगस्त से पानी भरा हुआ है। खेरवाड़ा-झाड़ोल मार्ग सोम नदी का पानी आने से बंद है। सवाई माधोपुर में बारिश के बाद करीब 50 फीट जमीन धंस गई है। उतरप्रदेश में बारिश से चंदौली में घाघरा नदी पर बना मुसाहिबपुर बांध अचानक टूट गया। इसका पानी 5 गांवों में घुस गया है। उत्तराखंड में यमुनोत्री नेशनल हाईवे लैंडस्लाइड की वजह से बंद हो गया है। यह भूस्खलन बाणस के पास हुआ, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं, बिहार के पटना में सोमवार सुबह मूसलाधार बारिश हुई। इससे कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है। वहीं, झारखंड में हो रही बारिश के कारण नालंदा में नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ के हालात हैं। हिमाचल, उतराखंड़ में बार-बार बादल फटने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। इकोनॉमिक लॉसेज, पॉवर्टी एंड डिजास्टर 1998-2017 नाम से जारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बाढ़ और सूखा ये ऐसी प्राकृतिक आपदा हैं जो एक बड़ी आबादी को गरीबी की ओर धकेलती हैं। ऐसा नहीं है कि इसके लिए केवल केंद्र या राज्य सरकारें जिम्मेदार हैं। आप और हम भी बाढ़ और जलभराव के लिए जिम्मेदार हैं। हम लोगों ने अपनी सुविधा के लिए जल संचय के संसाधनों को पाट दिया है। तालाब और झीलें बीते जमाने की कहानियां बनकर रह गई हैं। बढ़ती आबादी और आधुनिकता की दौड़ में हम भूल गए कि मानसून में जो पानी बरसेगा, वो जाएगा कहां। पहले हर गांव में एक बड़ा तालाब होता था। जहां बरसात का पानी न केवल संचित होता था बल्कि सालभर खेती व अन्य जरूरतों में उपयोग भी किया जाता था। हमें एक बार फिर उसी ओर मुड़ने की जरूरत है तभी हम बाढ़ जैसी आपदाओं से कुछ हद तक निपट सकते हैं।



आर्थिकी
सतीश सिंह

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने फेडरल रिजर्व की सालाना सभा में कहा है कि फेडरल रिजर्व के सितंबर महीने की 16-17 तारीख को होने वाली प्रस्तावित बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। पावेल के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति से अमेरिका में महंगाई बढ़ने का अंदेशा बढ़ा है, क्योंकि कई आवश्यक उत्पादों का निर्यात भारत समेत कई दूसरे देश अमेरिका को करते हैं, लेकिन टैरिफ से उनकी कीमत में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। कई देश मुद्रास्फीति और रोजगार के संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में विकास की गति को तेज करने के लिए अमेरिका सहित दुनियाभर के केंद्रीय बैंक आने वाले महीनों में नीतिगत दरों में कटौती कर सकते हैं।

# ब्याज दरों में कटौती का वैश्विक प्रभाव

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने 22 अगस्त को फेडरल रिजर्व की सालाना सभा में कहा कि फेडरल रिजर्व के सितंबर महीने की 16-17 तारीख को होने वाली प्रस्तावित बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। श्री पावेल के अनुसार अमेरिका में रोजगार संकट का दौर चल रहा है। हाल के महीनों में कामगारों की मांग और आपूर्ति दोनों में उल्लेखनीय कमी आई है। खास करके जुलाई महीने में पिछले महीनों की तुलना में रोजगार में वृद्धि पहले की तुलना में काफी कम हुई है। साथ ही, आगामी महीनों में भी कामगारों की छंटनी की संभावना बनी हुई है। पावेल के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति से अमेरिका में महंगाई बढ़ने का अंदेशा बढ़ा है, क्योंकि कई आवश्यक उत्पादों का निर्यात भारत समेत कई दूसरे देश अमेरिका को करते हैं, लेकिन टैरिफ से उनकी कीमत में कई गुना बढ़ोतरी हुई है।

पॉवेल ने यह भी कहा कि टैरिफ का असर अब उपभोक्ता कीमतों पर साफ-साफ़ परिलक्षित हो रहा है, लेकिन यह प्रभाव ज्यादा समय तक बना नहीं रहेगा। हालांकि,उन्होंने यह भी कहा कि टैरिफ से महंगाई डायन का प्रकोप लंबे समय तक बना रह सकता है। न्यूज एजेंसी ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक भी अमेरिका में रोजगार एवं महंगाई जनित जोखिमों को नियंत्रित करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण नीतिगत ब्याजों दरों में कटौती की जरूरत महसूस की जा रही है। वैसे, निवेशकों को पहले से उम्मीद थी कि फेडरल रिजर्व सितम्बर में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, लेकिन पावेल के ताजा बयान से यह लगभग निश्चित हो गया है कि सितम्बर में फेडरल रिजर्व नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करेगा। वैसे, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भी फेडरल रिजर्व पर ब्याज दरों में कटौती के लिए दबाव बना रहे हैं, ताकि अमेरिका विकास की धीमी गति या मंदी के दौर से बाहर निकल सके। फेडरल रिजर्व के अनुसार बेरोजगारी दर कम होने और सिर्फ महंगाई की आशंका से नीतिगत ब्याज दरों में इजाफा नहीं किया जाएगा, लेकिन अगर कामगारों की छंटनी होगी या अन्य कारणों से महंगाई बढ़ेगी तब निश्चित रूप से ब्याज दरों को बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है। पॉवेल ने 2 प्रतिशत महंगाई लक्ष्य को बनाए रखने पर जोर दिया है। अमेरिका के फेडरल रिजर्व को दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों का अगुवा माना जाता है, जिसका सबसे बड़ा कारण अमेरिकी डॉलर का दुनिया के सबसे मजबूत करेंसियों में से एक होना और सामरिक और आर्थिक दृष्टिकोण से अमेरिका का दुनिया का सबसे मजबूत देश होना है। अमूमन, फेडरल रिजर्व के नक्शे-कदम पर दुनिया भर के केंद्रीय बैंक चलते हैं। वैसे, सभी देशों की आर्थिक स्थिति अलग-अलग होने के कारण कभी-कभी कुछ देशों के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व से इतर निर्णय लेते हैं। कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाये तो भारत भी फेडरल रिजर्व द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुरूप कदम उठाता रहा है। फेडरल रिजर्व के मौजूदा रुख से माना जा रहा है कि दुनिया के प्रमुख देशों के केंद्रीय बैंक आगामी मौद्रिक समीक्षाओं में नीतिगत ब्याज दरों को यथावत रखेंगे या ब्याज दरों में कटौती करेंगे।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने 6 अगस्त की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर को 5.50% पर बरक़रार रखा,



जबकि स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 5.25% पर और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) व बैंक दर 5.75%के स्तर पर रही। राजग सरकार और रिजर्व बैंक विकास दर में तेजी लाना चाहते हैं, जिसके लिए रेपो दर को यथावत रखना या कम करना जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक समीक्षा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के 3.1% के स्तर पर रहने का अनुमान जताया, जो पिछले अनुमानों से कम है, जबकि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को 6.5% पर बरकरार रखा है, यह केंद्रीय बैंक की मुद्रास्फीति प्रबंधन के प्रति सतर्क दृष्टिकोण को दर्शाता है। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि मजबूत निजी खपत और सरकारी पूंजीगत व्यय की वजह से घरेलू विकास लचीला बना हुआ है। हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक स्तर पर बने कारोबारी तनाव विकास के मार्ग में अवरोध पैदा करते रहेंगे, लेकिन रिजर्व बैंक इस पर नियंत्रण रखने में कामयाब रहेगा ऐसी आशा है। अमेरिका में नीतिगत ब्याज दर को कम करने के प्रस्ताव के पीछे मुख्य कारण अमेरिका में संभावित आर्थिक मंदी, कारोबारी जंग, फेडरल रिजर्व की महंगाई और रोजगार संकट के प्रति बढ़ती आशंका आदि हैं, क्योंकि अभी अमेरिका में विकास की गति धीमी है और इसमें तेजी लाने के लिए नीतिगत ब्याज दरों को कम करना जरूरी है। माना जा रहा है कि ब्याज दरों में कटौती से उधारी का उठाव बढ़ेगा और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

अमेरिका की तरह चीन में भी उत्पादन, खपत आदि मापदंडों की वृद्धि गति अपेक्षा से अधिक धीमी है। वहां, जीडीपी वृद्धि वर्ष 2024 में 5% रही थी, जबकि वर्ष 2025 में इसके 3.95% रहने की संभावना है। चीन में जुलाई महीने में मुद्रास्फीति 0 प्रतिशत रही, जो सितम्बर 2022 में 2.8 प्रतिशत रही थी, जबकि वर्ष 2024 में वहां औसत वार्षिक मुद्रास्फीति 2.8 प्रतिशत रही। विकास दर में तेजी लाने के लिए चीन का केंद्रीय बैंक, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने उधारी दरों में हाल में कटौती की है, ताकि विकास की गति में तेजी आये। चीन सुशासन की समस्या से भी जूझ रहा है, जिसके कारण विदेशी निवेशक वहां निवेश करने से परहेज कर रहे हैं और कुछ निवेशक भारत का रुख कर रहे हैं। सांख्यिकी कार्यालय यूरोस्टेट के जुलाई के आंकड़ों के अनुसार यूरोपीय संघ में 2024 में जीडीपी वृद्धि दर 1.0% रही थी, जबकि 2023 में यह 0.7% रही थी, वहीं, 2025 में यूरो जोन में महंगाई दर 2.0% रही थी। यूरोपीय संघ में यह 2.3% रही थी। यूनाइटेड किंगडम (यूके) में मुद्रास्फीति दर जुलाई 2025 में 3.8% रही, जबकि जून 2025 में यह 3.6% रही थी। वहीं, वहां विकास दर 2025 की दूसरी तिमाही में 0.3% रही, जबकि 2025 की पहली तिमाही में यह 0.7% रही थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) ने वर्ष 2025 के लिए वैश्विक आर्थिक वृद्धि के अनुमान को कम करके 2.8% कर दिया है, जबकि वर्ष 2026 के दौरान इसके 3.0% रहने का अनुमान जताया गया है। वर्ष 2025 में अमेरिका में 1.8% की दर से वृद्धि होने का अनुमान है, जो अपेक्षा से बहुत कम है। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर में भी कमी आने का अनुमान है। वर्ष 2025 में ऐसे देशों में विकास दर 3.7% रह सकती है, जो वैश्विक औसत 2.8% से अधिक है। कहा जा सकता है कि आज भी कुछ अपवादों को छोड़कर दुनिया के सभी देश फेडरल रिजर्व की नीतियों का अनुसरण करते हैं। भारत को छोड़कर दुनिया के सभी प्रमुख देशों की विकास दर धीमी है। कई देश मुद्रास्फीति और रोजगार के संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में विकास की गति को तेज करने के लिए अमेरिका सहित दुनियाभर के केंद्रीय बैंक आने वाले महीनों में नीतिगत दरों में कटौती कर सकते हैं।

विमर्श
सपना बंसल



# शिक्षण प्रणाली में ठहराव नहीं, बदलाव की जरूरत

वर्तमान में भारत तरक्की और सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इतिहास के पन्नों पर नजर डालें तो पाएंगे कि कदापि एक दौर ऐसा भी था, जब हमारे नेतृत्व कौशल पर न केवल सवाल उठाए जाते थे अपितु हिंदुस्तान पर विदेशी ताकतों का हुकूमत करना भारतीयों के नेतृत्व कौशल की कमी दर्शाता था। आज सभी भारतवासी गौरवान्वित महसूस करते हैं, जब सुर्खियों में पाते हैं कि पश्चिमी देश भारत की अगुवाई में अपना मार्गदर्शन करना चाहते हैं। संभवतः यह एक सुखद अहसास भी दिलाता है, परंतु यहां प्रश्न यह है कि क्या सड़कें, बंदरगाहों, हवाई अड्डे जैसे फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की संरचना से हम उस मुकाम को हासिल कर सकते हैं जिसके सही मायने में हम हकदार हैं। समृद्ध, सक्षम, समर्थ राष्ट्र के निर्माण में कदापि आवश्यकता है तो (ह्यूमन इंफ्रास्ट्रक्चर) कुशल शिक्षित युवाओं की। हमें आज लाखों ऐसे युवा चाहिए जिनमें सोचने-समझने की क्षमता दूरदृष्टि और एक बेहतर कल के निर्माण की क्षमता हो। मैं यहां यह नहीं कह रही कि भारत में मेधावी और होनहार छात्र नहीं हैं, इस बात में कोई संकोच नहीं है कि भारत के छात्र ही यूनिकॉर्न के संस्थापक, इन्वेंटर्स, शीर्ष वकील और सर्जन बने हैं लेकिन वह अपवाद हैं। जब सभी छात्रों की बात आती है तो चीज इतनी उजली नहीं लगती। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि आधे से अधिक भारतीय स्नातक बेरोजगार हैं। ऐसा क्यों है, यकीनन इसका अधिकांश श्रेय हमारी शिक्षण प्रणाली को जाता है क्योंकि बदलते परिवेश में परंपरागत रुढ़िवादी शिक्षण प्रणाली युवाओं के लिए कारगर साबित नहीं हो सकती। आज का युवा मोबाइल, लैपटॉप और यूट्यूब की वीडियो से पढ़ना चाहता है, किंतु यूट्यूब पर देखी हुई वीडियो बौद्धिक गहराई, एकाग्रता और संज्ञानात्मक रूप में पिछड़े रूप में होती है। इसका यह तात्पर्य यह नहीं कि हम उन्हें चौक बोर्ड पर पढ़ायें, यह आज का युवा है 'जेनरेशन जेड' जो मानसिक विकास लिए हुए ही पृथ्वी पर उत्पन्न हुआ है । जिनके लिए हमें शिक्षण के



तरीके,पाठ्यक्रम की रूपरेखा और तकनीकी को बदलना होगा अन्यथा वह दिन दूर नहीं, जब हमारी कमाई का एक चौथाई हिस्सा नवीनतम और अच्छी शिक्षा पाने के लिए विदेशों में खर्च हो जाएगा। रिसर्च सेंटर 2023 की रिपोर्ट के अनुसार उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए 1.8 मिलियन भारतीय युवा अमेरिका, कनाडा और यूरोप पहुंच रहे हैं। निसंदेह वहां की पढ़ाई विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करती होंगी, जैसा कि कनाडा में पोस्ट ग्रेजुएशन वर्क परमिट प्रोग्राम (पीजीडब्ल्यूपी) अमेरिका और यूरोप की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और बेहतरीन अनुसंधान के अवसर भारतीय युवाओं को आकर्षित करते हैं। कदापि यह विकल्प न ही समाज और उनके परिवार के हित में है और ना ही देश हित में। उच्चतर शिक्षण संस्थानों की श्रेणी में भारत विश्व का सबसे बड़ा पारिस्थितिक तंत्र संभाले हुए है परंतु उसे गुणवत्ता, गुणात्मक अनुसंधान और पहुंच संबंधित चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। चीन ने जिस युवा आबादी की ताकत से आर्थिक उड़ान भरी थी, आज वो हमारे पास है। जहां 33 साल पहले (1992) चीन खड़ा था, आज हम वहीं पर हैं। चीन की आबादी में 85 प्रतिशत लोग वर्कफोर्स में शामिल थे। आज हमारे 52 प्रतिशत ही वर्कफोर्स का हिस्सा हैं यानी बेहतर शिक्षा और स्किल ट्रेंनिंग के दम पर हम 30 प्रतिशत लोग वर्कफोर्स में और जोड़ सकते हैं और भारत की अर्थव्यवस्था बुलंदियों पर पहुंचा सकते हैं। अगर कार्यशील आयु वर्ग के लोगों को समय रहते आवश्यक कौशल प्राप्त नहीं होगा, तो वे अर्थव्यवस्था के लिए उत्पादक नहीं बन पाएंगे, जिससे जनसांख्यिकीय लाभांश का पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा। भारत के पास दो दशक ही बाकी हैं, इस लाभांश को प्राप्त करने के लिए।

## मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है?



संकलित
दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है। स्वाभाविक है कि इससे टकराव बढ़ेगा।

## गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं गंगा



संकलित
प्रेरणा

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### राहुल और तेजस्वी पारिवारिक विरासत सम्भाल रहे

राहुल और तेजस्वी यादव का बहुत गहरा याराना है। दोनों ही नेताओं के बीच बिहार में मतदाता सूची को लेकर काफी चिंता है। तेजस्वी की राह पर राहुल चल रहे हैं। कांग्रेस- राजद गठबंधन नही है,लेकिन डूबते को तिनके का सहारा मिल गया। बिहार में नया राजनीतिक प्रयोग प्रारंभ हुआ है। लेकिन ये दोनों परस्पर विरोधी गठबंधन थे। कांग्रेस का वर्चस्व 1967 में टूटा। तब गैर कांग्रेस वाद का प्रयोग प्रारंभ हुआ। उसी के राजनीतिक परिणाम है, लालू प्रसाद यादव। उस प्रयोग ने ही अनेक टेढ़े- मेडे खतरनाक रास्ते पार किए। कांग्रेस को हासिए पर पहुंचा दिया। उसे भुलाना लालू के लिए आसान नहीं है,लेकिन तेजस्वी को उसको याद भी नहीं है। उनकी पारिवारिक विरासत राहुल संभाल रहे हैं, राजनीतिक विरासत नहीं। यही बात तेजस्वी यादव पर भी लागू होती है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### चीन ने शिपकी-ला के रास्ते व्यापार पर सहमति जताई

चीन ने अपने विदेश मंत्री वांग यी की हालिया भारत यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में शिपकी-ला के रास्ते व्यापार फिर से शुरू करने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई है।



हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक बयान में यह जानकारी दी। यह व्यापार कोविड-19 महामारी के कारण 2020 में स्थगित कर दिया गया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्य सरकार को बताया कि भारत सरकार ने तीनों बिंदुओं - शिपकी-ला (हिमाचल प्रदेश), लिपुलेख (उत्तराखंड) और नाथू ला (सिक्किम) के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने के लिए चीन के साथ चर्चा शुरू कर दी है।

## ऑफ बीट

### कम पानी पीने से आ सकता है तनाव, संभालने में दिक्कत

अधिकांश लोग जानते हैं कि उन्हें अधिक पानी पीना चाहिए, लेकिन हमारे नये अध्ययन से पता चलता है कि कम पानी पीने का एक अप्रत्याशित परिणाम यह



हो सकता है : इससे रोजमर्रा के तनाव को संभालना काफी कठिन हो सकता है। 'जर्नल ऑफ एप्लाइड फिजियोलॉजी' में प्रकाशित हमारे अध्ययन में पाया गया कि जो लोग प्रतिदिन 1.5 लीटर से कम पानी पीते हैं, उनमें तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने पर 'कोर्टिसोल' का स्तर नाटकीय रूप से बढ़ जाता है। 'कोर्टिसोल' शरीर का प्राथमिक तनाव हार्मोन होता है। इस निष्कर्ष से पता चलता है कि लम्बे समय तक पानी की कमी तनाव की प्रतिक्रिया को उस तरह बढ़ा सकती है,

## ट्रेंड

### विमलेंद्र का निधन दुःखद



राजसदन अयोध्या के मुखिया, राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र का निधन अत्यंत दुःखद है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य के रूप में उनका योगदान अविस्मरणीय है। प्रभु श्री राम उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### लाठीचार्ज शर्मनाक



रामलीला मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एसएससी अभ्यर्थियों और शिक्षकों पर बर्बर लाठीचार्ज - शर्मनाक ही नहीं, एक डरपोक सरकार की पहचान है। युवाओं ने सिर्फ़ अपना हक़ मांगा था- मिली क्या? लाठियां।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### यमुना नदी की सफाई



मां यमुना अब स्वच्छ होगी। अभी तक दिल्ली में विपक्ष के समर्थन वाली सरकार थी। वर्तमान दिल्ली सरकार ने हरियाणा के साथ मिलकर यमुना नदी की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। 4 माह में 16,000 मीट्रिक टन कचरा साफ किया है।
- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### अपराधी कहना अनुचित



लोग जिन्हें दिशोम गुरु कहते हैं, वह कई गंभीर आपराधिक मामलों में तिहाड़ जेल में बंद रहे। सूर्या हांसदा पर भी अनेक मामलों में आरोप लगे। झामुमो द्वारा उन्हें अपराधी कहना अनुचित है। किसी को अपराधी घोषित करने का अधिकार केवल न्यायालय के पास है, जनप्रतिनिधियों के पास नहीं।
- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

# रुपईडीहा पुलिस ने 12 आरोपितों को किया गिरफ्तार

## नेपालियों के शोषण और अवैध गतिविधियों में संलिप्त थे सभी आरोपी

अमन लेखनी समाचार




रुपईडीहा, बहराइच। शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रुपईडीहा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बा रुपईडीहा में छापेमारी कर नेपालियों का शोषण करने वाले 12 आरोपितों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के कुशल मार्गदर्शन में की गई। रुपईडीहा पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपित नेपाल के विभिन्न जनपदों के रहने वाले हैं। इनमें जोक बहादुर पुत्र आन्द्र बहादुर (35 वर्ष, जिला रुकुम, नेपाल), प्रेम बहादुर शाही पुत्र सुखवीर शाही (44 वर्ष, जिला कालिकोट, नेपाल), राज बहादुर रसाइली पुत्र देव बहादुर रसाइली (35 वर्ष, जिला लमकी, नेपाल), सन्दीप चौधरी पुत्र मनराज थारू (29 वर्ष, जिला बांके, नेपाल), रमेश थारू पुत्र बलुमान थारू (40 वर्ष, जिला राजापुर, नेपाल), सूर्यधर थापा पुत्र यरी थापा (44 वर्ष, जिला जाजरकोट, नेपाल), गणेश बहादुर पुत्र दिलीमान (37 वर्ष, जिला सरुखेत, नेपाल, कबीर बसनेत पुत्र चन्द्र बहादुर (33 वर्ष, जिला जाजरकोट, नेपाल), भीम बहादुर शाही पुत्र रिन सावन (34 वर्ष, जिला झगु, नेपाल), राजुदागो पुत्र वीर खड़ागी (38 वर्ष, जिला जुम्ला, नेपाल), करण पुत्र कालु (40 वर्ष, जिला कालिकोट, नेपाल), मीन बहादुर शाही पुत्र रज बहादुर शाही (37 वर्ष, जिला कालिकोट, नेपाल) शामिल हैं। पुलिस की जांच में सामने आया कि यह सभी आरोपी नेपाल से आए भोले-भाले नागरिकों को बहला-फुसलाकर अपने साथ होटलों में ले जाकर शोषण करते थे। इनके पास ऑटो रिक्शा भी पाए गए, जिनके जरिए वे नेपालियों को बैठाने को लेकर आपस में विवाद और झगड़ा भी करते थे, जिससे स्थानीय शांति व्यवस्था भंग होने की स्थिति उत्पन्न होती थी। इस पर पुलिस ने धारा 170 इटरर के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपितों के विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय नानपारा में पेश किया गया।

# एनसीसी कैडेट शिविर के चौथे दिन कराया आईसीपी का भ्रमण

## 800 से अधिक कैडेटो ने किया प्रतिभाग

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा के लॉर्ड बुद्धा पीजी कॉलेज में आयोजित उअठठ-161 एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन कैंप कमांडेंट कर्नल एपीएस पटवाल के निर्देशन में हुआ। शिविर की शुरुआत में कैडेट्स को आईसीपी (लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया) का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर इंस्पेक्टर अभिषेक त्रिपाठी ने भारत-नेपाल के मैत्री संबंध एवं एसएसबी में नियुक्ति की योग्यता के विषय में जानकारी दी। वहीं इंचार्ज अधिकारियों ने भारत-नेपाल के बीच होने वाले आयात-निर्यात एवं पोर्ट प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके बाद ब्रेवो कंपनी द्वारा फायरिंग अभ्यास कराया गया, जिसमें एमएलके पीजी कॉलेज के कैडेट अनूप सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मात्र 03 सेंटीमीटर का ग्रुप बनाया। इसी क्रम में ए कंपनी में हवलदार महेंद्र ने फील्ड क्राफ्ट और बैटल क्राफ्ट पर व्याख्यान दिया। सी कंपनी में सीएचएम राम किशोर ने आर्म्स फोर्स में फाइटिंग आर्म्स की जानकारी दी। डी कंपनी में सीएचएम निकिन ने कम्युनिकेशन विषय पर लेक्चर प्रस्तुत किया। ई कंपनी में हवलदार कपिल ने मैप रीडिंग सिखाई। वहीं एफ कंपनी में हथियार प्रशिक्षण के अंतर्गत लेइंग पोजिशन, होल्डिंग एवं एमिंग पर प्रशिक्षण दिया। कैंप के दौरान कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अधिकारियों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को आत्मसात किया। इस मौके पर डॉ यशपाल, डॉ असीम शुक्ला, डॉ तारिक, प्रोफेसर आर एस वर्मा, चन्दन गुप्ता आदि ने शिविर संचालन में सहयोग किया।

## संक्षेप

### पैतृक मकान पर कब्जा

संवाददाता

सुलतानपुर, लंभुआ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कस्बे में एक पैतृक मकान पर कब्जे का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत की है। भोलानाथ विश्वकर्मा के मुताबिक, 26 अगस्त को रात करीब 2 बजे जितेंद्र विश्वकर्मा 4 नकाबपोश बदमाशों के साथ अवैध हथियार लेकर पहुंचा। आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी में बदमाशों ने मकान का शटर तोड़कर अंदर रखा सामान लूट लिया। जब परिवार ने विरोध किया तो पुलिस ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर मारा। घटना को रिकॉर्ड कर रही भोलानाथ की बहू मनीषा से पुलिस ने मोबाइल छीन लिया और उसके साथ मारपीट की। बिना महिला पुलिस के भोलानाथ की पत्नी को रात में थाने ले जाया गया। मामले में कई सीसीटीवी कैमरों में घटना रिकॉर्ड हुई है, जिसका वीडियो परिवार के पास मौजूद है।

### निजी औद्योगिक क्षेत्र का विकास

संवाददाता

सुलतानपुर, जिला उद्योग बंधु की बैठक जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने निवेशमित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और ओडीओपी योजना के तहत बैंकों में लंबित आवेदनों पर चर्चा हुई। बैंक ऑफ बड़ौदा के अग्रणी जिला प्रबंधक को इन आवेदनों की स्वीकृति और वितरण के लिए निर्देशित किया गया। उद्यमी मित्र पीयूष दीक्षित ने बताया कि जनपद में 23 विभागों द्वारा हस्ताक्षरित एमओयू के तहत 62 इकाइयां उत्पादन कर रही हैं। 58 अन्य इकाइयां निमार्णाधीन हैं। निजी औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए प्लेज योजना की जानकारी उद्यमियों को दी गई। जिलाधिकारी ने इच्छुक उद्यमियों से भूमि स्वामित्व के दस्तावेज और आगणन सहित प्रस्ताव जिला उद्योग केंद्र में जमा करने को कहा।

### निजी औद्योगिक क्षेत्र का विकास

संवाददाता

सुलतानपुर, जिला उद्योग बंधु की बैठक जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने निवेशमित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और ओडीओपी योजना के तहत बैंकों में लंबित आवेदनों पर चर्चा हुई। बैंक ऑफ बड़ौदा के अग्रणी जिला प्रबंधक को इन आवेदनों की स्वीकृति और वितरण के लिए निर्देशित किया गया।

# रुपईडीहा में महर्षि कश्यप की जयंती हर्षोल्लाह पूर्वक संपन्न

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा में स्थित राहुल पार्टी पैलेस में कसौधन युवा मंच रुपईडीहा द्वारा महर्षि कश्यप जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर वैश्य एवं सभासद राजकुमार गुप्ता के द्वारा महर्षि कश्यप जी की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। इसके बाद उपस्थित स्वजातीय बंधुओ ने भी पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर वैश्य ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा की हिंदू धर्म के 15 महान ऋषि थे, जिसमें सबसे शक्तिशाली कश्यप ऋषि को माना गया है। हम सभी कश्यप ऋषि की संताने हैं। आज हमारा सौभाग्य है कि हम सभी स्वजाति बंधु एकत्रित होकर इस जन्मोत्सव को मना रहे हैं। तत्पश्चात महर्षि कश्यप की आरती वंदना की गई। इस अवसर पर रुपईडीहा नगर के समस्त स्वजातीय बंधुओं में संतोष कुमार कसौधन विनोद कुमार कसौधन, सुलभ कसौधन राजकुमार कसौधन दुर्गेश कसौधन मनीष कसौधन, अनिल कसौधन, पिंटू कसौधन ,राकेश कसौधन ,जुगल किशोर कसौधन , सुशील कसौधन ,विनय कसौधन अखिलेश कसौधन व अमित कसौधन आदि दर्जनों स्वजाति बंधु उपस्थिति रहे।

# एफएलएन प्रशिक्षण में बताई एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक आधारित शिक्षण की नीतियां

## शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्र



बहराइच। विकास क्षेत्र मिहींपुरवा अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का एफएलएन व एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तक आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र मिहींपुरवा में आयोजित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अजीत कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदर्भदाता एआरपी प्रदीप नारायण सिंह, अंशुल कुमार, विजय पाल , सुनील कुमार व पवन कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों को बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान के साथ-साथ एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तक आधारित शिक्षण नीतियों व भारतीय ज्ञान प्रणाली की जानकारी दी। संदर्भदाता प्रदीप नारायण सिंह ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2023 के आलोक में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सुनियोजित रणनीतियों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वर्तमान शैक्षिक सत्र में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित कक्षा 3 की भाषा,गणित व अंग्रेजी की नवीन पाठ्य पुस्तकों वीणा, गणित मेला व संतूर की विषयवस्तु तथा कक्षा 4 व 5 में संदर्शिका आधारित भाषा-गणित शिक्षण की नीतियों की जानकारी देना एवं शिक्षकों को बुनियादी भाषा व संख्या ज्ञान के बारे में प्रशिक्षित करना है, ताकि वे बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ा सकें और उन्हें भविष्य के योग्य नागरिक के रूप में तैयार कर सकें। दो चरणों में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के 100 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के समापन सत्र को संबोधित करते हुए एआरपी प्रदीप नारायण सिंह ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि सभी शिक्षक इस प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का विद्यालय में सम्यक उपयोग करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देंगे।

# 11वां विशाल गणेश महोत्सव प्रारंभ

### पीपल वाली गली स्थित राजगद्दी मैदान पर पूजन अर्चन के साथ शुरू हुई गणेश पूजा

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। स्थानीय कैसरगंज पीपल वाली गली स्थित राजगद्दी मैदान में विशाल गणेश पूजा महोत्सव का प्रारंभ पूजन अर्चन के साथ शुरू हुआ। उक्त 11वां गणेश पूजा महोत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कैसरगंज उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह, कैसरगंज थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार शर्मा, जी.बी. हॉस्पिटल डायरेक्टर समाजसेवी डॉ. अरविंद सिंह बिसेन आदि ने वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ श्री गणेश का पूजन अर्चन कर श्री गणेश प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कर महोत्सव का शुभारंभ करवाया। उक्त गणेश पूजा महोत्सव के प्रथम दिन गणेश पूजा समिति द्वारा विशिष्ट अतिथियों व पत्रकारों, समाजसेवियों आशुतोष सिंह, डॉ. वी.पी. सिंह, सिराज अली कादरी, सत्यपाल मौर्य, बृजेश सिंह राठौर, सुनील गुप्ता, सुनील पोरवाल, संदीप सोनी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, सूरज सोनी, उपाध्यक्ष सुरेश कौशल, अनिल सोनी अन्ना, राजेश सोनी, महामंत्री आदित्य रस्तोगी, प्रभात सोनी सनी, मंत्री शिवम कौशल, राहुल फुल आर्ट, संगठन मंत्री पुष्कर गुप्ता, सत्यम सोनी ऋषभ, पूजा प्रबंधक बद्रीनाथ यज्ञसैनी, विष्णु गुप्ता, लवकुश कौशल, बाल गणेश महोत्सव समिति के आयुष्मान आनंद, अंकुर गौड़, अभिषेक रस्तोगी, सौरभ गौड़, सौरभ कौशल, यशु जायसवाल, राज कौशल, अर्पित सोनी, सुरेश कौशल, अतुल गौड़ आदि सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता व भक्तजन उपस्थित रहे।

# विमानन विवि में नए छात्रों का हुआ स्वागत

## बी.टेक. एयरोस्पेस और एवियोनिक्स के छात्रों को अनुशासन और नवाचार का मंत्र

संवाददाता



अमेठी जिला, राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बी.टेक. एयरोस्पेस इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (एवियोनिक्स) के 2025 बैच के नए छात्रों के लिए था। कुलपति प्रो. भृगुनाथ सिंह ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों से अनुशासन और परिश्रम पर ध्यान देने का आग्रह किया। साथ ही नवाचार को अपनाकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. हरीश हिरानी ने विमानन क्षेत्र की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को व्यावहारिक कौशल विकसित करने का महत्व समझाया। डॉ. अनूप कुमार ने पाठ्यक्रम और रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक और अधिकारी उपस्थित रहे।

# पाठक पट्टी गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

## 125 मरीजों की हुई निःशुल्क जांच, मिली दवाएं




अमन लेखनी समाचार

बहराइच। डा. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सबलापुर की ओर से गुरुवार को पाठक पट्टी गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें चिकित्सकों द्वारा 125 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं दी गई। इस मौके पर डा. पवन वर्मा, डा.मनीष शुक्ला, डा. संदीप वर्मा, डा. प्रियंका शर्मा, फार्मासिस्ट गुरू प्रसाद शुक्ला, भूपेंद्र वर्मा, गौरव श्रीवास्तव, सत्यम गुप्ता, सौम्या तिवारी, निधि मौर्या मौजूद रही।

# उर्वरक बिक्री में अनियमितता पर 04 उर्वरक विक्रेताओं के लासेंस हुए निरस्त

अमन लेखनी समाचार

बहराइच जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि माह जुलाई 2025 में जनपद के 04 उर्वरक विक्रेताओं द्वारा कृषकों को 40-40 बोरी से अधिक यूरिया उर्वरक पी.ओ.एस. मशीन द्वारा खारिज की गई थी। जबकि जांच के दौरान पाया गया कि दुकानदारों द्वारा कृषकों को खारिज की गई मात्रा से कम मात्रा में उर्वरक उपलब्ध करायी गयी थी। उर्वरक वितरण कार्य में अनियमितता पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से सभी चारों उर्वरक विक्रेताओं शुक्ला खाद बीज भंडार रनियापुर गोबराही, बर्मा बीज भंडार इटहा चौराहा, कमलेश कुमार यादव खाद बीज भंडार करमुल्लापुर एवं जायसवाल खाद भंडार राजापुर कला का लाइसेंस निलंबित करने के उपरांत निरस्त कर दिया गया है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी जारी की गई है कि यदि किसी भी विक्रेता द्वारा अनियमिता बरती जाएगी एवं सीमावर्ती राज्यों में उर्वरक की कालाबाजारी की जाएगी, या संदिग्ध उर्वरक बिक्री करते हुए पाया गया तो सम्बन्धित के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985, उर्वरक (परिसंचरण नियंत्रण) आदेश 1973, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अनुसार कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी ने सभी किसानों से अपेक्षा की है कि यदि जनपद में कोई भी व्यक्ति संदिग्ध उर्वरक की बिक्री करता है तो उस दुकानदार के खिलाफ जिला कृषि अधिकारी कार्यालय मे शिकायत दर्ज कराये, शिकायत के उपरांत सम्बन्धित व्यक्ति पर नियमानुसार कार्रवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# जीआईएस सर्वे से शहर में रुकेगी टैक्स चोरी

## अलीगढ़ में निगम ड्रोन से सर्वे करा रहा, कच्चे-पक्के मकानों और भवनों के रिकॉर्ड तैयार होंगे

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, टैक्स चोरी रोकने और राजस्व की कमियों को दूर करने के लिए नगर निगम शहरी क्षेत्र में ड्रोन के जरिए जीआईएस सर्वे का काम शुरू कर चुका है। निगम शहर में ड्रोन उड़ाकर मकान और भवनों का रिकॉर्ड तैयार कर रहा है, जिसके बाद इनकी सूची तैयार की जाएगी। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के निर्देश के बाद नगर निगम ने यह काम शुरू किया। टेक्निकल टीम को निर्देश दिए गए हैं कि इस काम को जल्द से जल्द पूरा कर दिया जाए। यह सर्वे पूरा होने के बाद जहां टैक्स चोरी जैसी चीजें रुकेंगी। वहीं, आमजनों को शासकीय सेवाओं का लाभ समय पर मिलने में भी आसानी होगी। जीआईएस सर्वे अलीगढ़ शहर के सभी 90 वार्डों में कराया जाएगा। इस सर्वे के बाद नगर निगम की आय में वृद्धि में मदद मिलेगी। वहीं शहर की गलियों, सड़कों की जानकारी होगी। जिससे यहां पर बेहतर सड़कें, नालियां, स्ट्रीट लाइट, खरंजा निर्माण सहित कई जनसुविधाओं को प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सकेगा। ड्रोन जीआईएस सर्वे से नगरीय क्षेत्र में संपत्ति, भवनों की ऑथेंटिक जानकारी भी निगम के पास मौजूद रहेगी। जिसमें शहर के अंदर बने कच्चे मकान, पक्के मकान, बहुमंजिला इमारतों की जानकारी और रिकॉर्ड सभी चीजें निगम के पास मौजूद रहेगी। कौन सा मकान कितने मंजिल बना है और किस मकान में टावर लगा है। इस जैसी जानकारी भी रिकॉर्ड की जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन से जीआईएस (जीआईएस) सर्वे पूरा होने के बाद सभी प्रॉपर्टी पर क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। क्यूआर कोड काफी लाभदायक सिद्ध होगा। क्यूआर कोड को स्कैन करके, नगर निगम के अधिकारी व प्रॉपर्टी स्वामी, प्रॉपर्टी से संबंधित जानकारी जैसे कि टैक्स और बिल जमा करने की स्थिति आदि आसानी से जान सकेंगे साथ ही साथ घर बैठे टैक्स भी जमा कर सकेगें।

# राजकीय आईटीआई में 30 अगस्त को आयोजित होगा रोजगार मेला

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से राजकीय आईटीआई एवं सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आईटीआई परिसर बहराइच में 30 अगस्त 2025 को प्रातः 10:00 बजे से एक दिवसीय अप्रेंटिस रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय नियोजकों के साथ साथ निजी क्षेत्र के ओप्पो मोबाइल कंपनी द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियों के पंजीकरण की कार्यवाही की जाएगी। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या राजकीय आईटीआई स्मृति शर्मा ने बताया कि अप्रेंटिस रोजगार मेले में आईटीआई के समस्त ट्रेड तथा डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के साथ-साथ कक्षा 08, 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने हेतु अनुकूल पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा।प्रधानाचार्या ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेले में उ.प्र. कौशन विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं रोजगार संगम पोर्टल में पंजीकृत/नान पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ बायोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 30 अगस्त 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे राजकीय आईटीआई परिसर बहराइच में उपस्थित होकर रोजगार मेले का अधिकाधिक लाभ उठायें।

# नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण कार्य को समय से पूर्ण कराने हेतु नामित किये गये अधिकारी

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। पंचायत निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम में घर-घर जाकर गणना एवं सर्वे करने हेतु ग्राम पंचायत एवं मतदान केन्द्रवार बी.एल.ओ. तथा बी.एल.ओ. के कार्यों के पर्यवेक्षण हेतु न्याय पंचायतवार पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण करने तथा हस्तलिखित पाण्डुलिपियां तैयार करने की अवधि 29 सितम्बर 2025 तक निर्धारित है। शत प्रतिशत त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु गणना कार्य की आकस्मिक जाँच तथा पुनरीक्षण कार्य निर्धारित अवधि तक पूर्ण कराने के मद्देनजर जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी(पं) अक्षय त्रिपाठी द्वारा विकास खण्डवार जिला स्तरीय अधिकारियों को नामित किया गया है। विकास खण्ड जरवल के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, कैसरगंज जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, हुजूरपुर अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, फखरपुर जिला विद्यालय निरीक्षक, तजवापुर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलहा उप कृषि निदेशक, महसी सहायक निदेशक रेशम, शिवपुर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, मिहींपुरवा जिला कृषि अधिकारी, नवाबगंज सहायक अभियन्ता लघु सिचाई, चित्तौरा भूमि संरक्षण अधिकारी कृषि, रिसिया उपायुक्त उद्योग, पयागपुर जिला उद्यान अधिकारी तथा विशेश्वरगंज के लिए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को नामित किया गया है।

# रूपईडीहा थाना क्षेत्र में अज्ञात का शव मिलने से हड़कंप

अमन लेखनी समाचार/मोहम्मद कौशर

रुपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के गंगापुर नहर के पास स्थित खेत में उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने एक अज्ञात सड़ी-गली लाश पड़ी देखी। बताया जा रहा है कि आसपास तेज दुर्गंध फैलने पर जब राहगीरों व ग्रामीणों ने खोजबीन की तो खेत में शव दिखाई दिया, जो कई दिनों पुराना प्रतीत हो रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने रुपईडीहा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए हरसंभव प्रयास किया गया, लेकिन अब तक पहचान नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय बहराइच भेजा गया है। उन्होंने बताया कि शव को 72 घंटे तक शिनाख्त हेतु सुरक्षित रखा जाएगा। यदि इस अवधि में पहचान नहीं हो पाती है तो पोस्टमार्टम उपरांत अज्ञात मानकर विधिवत अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

## संक्षेप

### तालाब में गिरी कार एक की मौत

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, परीक्षितगढ़ क्षेत्र में एक कार तालाब में गिर गई। किठौर मार्ग पर ग्राम केली के पास सड़क पर अचानक आए आवारा पशु को बचाने के प्रयास में यह हादसा हुआ। हादसे में कस्बा किला परीक्षितगढ़ निवासी सुशांत की मौत हो गई। टियागो कार में सुशांत सहित चार लोग सवार थे। कार के तालाब में गिरने के बाद एक यात्री अभिशान्त ने खिड़की का शीशा तोड़कर बाहर निकलने में सफलता पाई। उसने तुरंत परिजनों को फोन कर सूचना दी। परीक्षितगढ़ पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे और तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। सुशांत को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुशांत नोएडा में मेडिकल स्टोर चलाता था। वह अपने परिवार का इकलौता बेटा था। दो साल पहले उसके पिता का निधन हो चुका था, जो मवाना बस स्टैंड पर होटल चलाते थे। परिवार में उसकी दो बहनें हैं। एक की शादी हो चुकी है और दूसरी अभी पढ़ाई कर रही है।

### टूटी सड़क और जलभराव से परेशान

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, न्यू शिवलोक कॉलोनी के निवासियों ने टूटी सड़कों और जलभराव की समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट तक मार्च निकाला। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में गुर्जर चौक और अम्हेंडा-आदिपुर के सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया। मवाना रोड श्रीराम धर्मकांटा से सूरज फार्म हाउस तक जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। यह रास्ता अब तालाब में तब्दील हो गया है। बरसात में स्थिति और खराब हो जाती है। गंदा पानी घरों में घुस जाता है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। जलभराव के कारण ई-रिक्शा और अन्य वाहन कॉलोनी तक नहीं पहुंच पाते। बच्चों को कीचड़ से होकर स्कूल जाना पड़ता है। कई बार छोटे बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं। बुजुर्ग भी इस रास्ते पर घायल हो चुके हैं। आप नेता ने चेतावनी दी कि यह स्थिति संक्रामक बीमारियों को जन्म दे सकती है। कई परिवार पहले से ही बीमारियों से जूझ रहे हैं।

### नकली नोट चलाने वाला गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, खुर्जा देहात पुलिस ने अगवाल फ्लाईओवर के पास से एक युवक को नकली नोटों के साथ पकड़ा है। आरोपी की पहचान हरदोई जनपद के बरनई चतरखा निवासी ध्रुव के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 11,500 रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं। पूछताछ में ध्रुव ने खुलासा किया कि वह और उसका साथी अंशुल आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर चाय-गुटखे की दुकान चलाते हैं। वहीं उनकी मुलाकात रिंकू नाम के व्यक्ति से हुई। रिंकू ने अधिक मुनाफे का लालच देकर उन्हें नकली नोट सप्लाई करना शुरू किया। आरोपी 500 रुपये का नकली नोट 250 रुपये में खरीदता था।

# भाजपा नेता की किडनैप कर हत्या

## रेलवे ट्रैक पर मिला शव, दोस्त अरेस्ट; चित्रकूट के जंगल में मिली थी स्कॉर्पियो

अमन लेखनी समाचार





प्रयागराज, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर यादव की हत्या कर दी गई है। पुलिस को उनका शव क्षत-विक्षत हालत में पूरामुफ्ती में रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। रणधीर यादव की हत्या का शक उनके दोस्त राम सिंह पर है। पुलिस ने राम सिंह को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य का मर्डर अवैध संबंध में किया गया है। राम सिंह से पूछताछ की जा रही है। 24 अगस्त को पूर्व जिला पंचायत सदस्य की स्कॉर्पियो चित्रकूट के जंगल में मिली थी। 23 अगस्त को उनकी पत्नी ने राम सिंह समेत 2 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। एसीपी वरुण कुमार का कहना है कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य की हत्या के मामले में राम सिंह को पकड़ा गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। दूसरे आरोपी डॉ. उदय की तलाश में 3 टीमें लगी हैं। गाड़ी चित्रकूट के जंगल में मिली थी। इसलिए 3 दिनों तक वहां सर्च ऑपरेशन चलाया गया। प्रयागराज से पूर्व जिला पंचायत सदस्य और भाजपा नेता रणधीर यादव मोहम्मदपुर हथिगंहा के रहने वाले थे। उनके पिता राम अभिलाष यादव सूबेदार रह चुके हैं। पत्नी बबली यादव वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य हैं। रणधीर यादव नवाबगंज बाजार में एक ढाबे पर देखे गए थे। उसके बाद से वह लापता हो गए थे। तभी से उनका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ था। रणधीर यादव की तलाश के दौरान पुलिस को पता चला था कि उनका जानने वाला राम सिंह भी लापता है। राम सिंह पीडब्ल्यूडी का कर्मचारी है। प्रयागराज पुलिस जांच में जुटी थी। 24 अगस्त को रणधीर यादव की स्कॉर्पियो चित्रकूट के देवांगना के पास लावारिस हालत में मिली थी। स्कॉर्पियो से नंबर प्लेट गायब थी, लेकिन कागजात मिल गए थे। प्रयागराज के एसीपी के नेतृत्व में 2 टीमें चित्रकूट पुलिस के साथ जंगल में सर्च ऑपरेशन चला रही थीं। अपहरण के इस सनसनीखेज मामले में अवैध संबंधों की कहानी सामने आ रही थी। पूछताछ, कॉल डिटेल, सोशल मीडिया अकाउंट और सर्विलांस से जो जांच हुई, उससे भाजपा नेता के एक युवती से करीबी रिश्तों की बात पता चली थी। इसी को लेकर जांच आगे बढ़ रही थी। जिला पंचायत सदस्य बबली यादव ने पति रणधीर यादव के अपहरण की ऋकफ करते हुए 2 लोगों को नामजद किया था। इसमें एक नाम राम सिंह और दूसरा डॉ. उदय (कंपाउंडर) का था। शक की सुई इन्हीं दोनों पर थी। असल में करीब एक महीना पहले डॉ. उदय की पत्नी की मौत हो गई थी। कहा जा रहा है कि उसने सुसाइड कर लिया था। हालांकि, शव का पोस्टमॉर्टम नहीं कराया गया था। तब भाजपा नेता रणधीर यादव और उसके दोस्त डॉ. उदय के बीच तकरार हुई थी।

# प्रयागराज में बढ़ रहे चिकन पॉक्स के केस

## डॉक्टर बोले- 7 से 10 दिन तक आइसोलेशन में रहें; तेज कमर दर्द और बुखार शुरूआती लक्षण

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, लगातार बारिश और बाढ़ का कहर जारी है। इसका असर लोगों की सेहत पर भी पड़ने लगा है। बड़ी संख्या में लोग फंगल इंफेक्शन व वायरल फीवर की चपेट में आ रहे हैं। सबसे ज्यादा लोग चिकन पॉक्स (चेचक) से प्रभावित दिख रहे हैं। चिकन पॉक्स जिसे गांवों में साधारण बोलचाल में देवी माता या बड़ी माता के नाम से भी जाना जाता है। इसका पहला लक्षण कमर दर्द, बुखार होना, थकान और भूख न लगना होता है। इसके 2 दिन बाद ही में व्यक्ति के शरीर में छोटे छोटे लाल दाने निकलने लगते हैं और उसमें पानी जैसा भरा होता है। इसमें डॉक्टर भी कुछ खास दवा नहीं देते हैं, क्योंकि इसमें दवा से ज्यादा बचाव और 7 से 10 दिन तक होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दी जाती है। इससे प्रभावित लोग बड़ी संख्या में फिजिशियन से संपर्क कर रहे हैं। टीबी सप्रू चिकित्साल के सीनियर फिजिशियन डॉ. मंसूर अहमद बताते हैं, चिकन पॉक्स एक वायरल संक्रमण हैं जो वरिसेला-जोस्टर से फैलता है। इसके लक्षणों में अचानक तेज बुखार, शरीर पर लाल चकत्ते और दाने निकलना, खुजली होना, थकान और कमजोरी महसूस होता है। इससे बच्चे, बड़े और महिलाएं सभी प्रभावित होते हैं। जिन वयस्कों को पहले यह संक्रमण नहीं हुआ होता है वे भी इसकी चपेट में जाते हैं। वह कहते हैं, चिकन पॉक्स सीधे एक संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलता है। खांसी, छींक या संक्रमित वस्तुओं को छूने से भी यह बीमारी आसानी से फैल जाती है। इसलिए मरीज को परिवार के अन्य सदस्यों से कुछ दिन के लिए अलग रखना जरूरी है। आमतौर पर 7 से 10 दिन तक मरीज को आइसोलेशन में रखने की सलाह दी जाती है। डॉक्टर कहते हैं, यदि कोई चिकन पाक्स से पीड़ित है तो उसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नहीं जाना चाहिए।

# पैठ हटाने का विवाद गहराया

## नगर पालिका ने दुकानदारों का सामान फेंका, भाकियू ने किया तहसील पर प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार





मोदीनगर, बिसोखर रोड पर पैठ हटाने का विवाद बढ़ गया है। नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने दुकानदारों का सामान फेंक दिया। इस कार्रवाई से नाराज दुकानदारों ने भारतीय किसान यूनियन के साथ तहसील पर प्रदर्शन किया। बिसोखर रोड पर पिछले 50 वर्षों से पैठ लगाई जा रही है। नगर पालिका परिषद ने हाल ही में सड़क के एक तरफ पैठ लगाने का बोर्ड लगाया था। इस निर्णय के विरोध में दुकानदारों ने पहले भी कई बार तहसील पर प्रदर्शन किया था। दो दिन पहले नगर पालिका परिषद में एक समझौता हुआ था। इसमें नो वेंडर जोन में पैठ न लगाने पर सहमति बनी थी। दुकानदारों का आरोप है कि इसके बावजूद नगर पालिका के बाउंसरों ने उनका सामान फेंक दिया। उपजिलाधिकारी अजीत सिंह ने स्थिति को संभाला। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से बात कर समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए।

# फर्जी कंपनी बनाकर 6 करोड़ का राजस्व नुकसान

## नौकरी के लिए दिए दस्तावेज का यूज किया, 30 करोड़ का दिखाया कारोबार

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, फर्जी सेल कंपनी बनाकर सरकार को 6.42 करोड़ रुपए राजस्व की नुकसान पहुंचाया। स्टेट जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर महेंद्र चौधरी ने इस मामले में फेज-1 थाने में शिकायत दर्ज की है। शिकायत के आधार पर वाहिद हुसैन, इरशाद अली और राधे के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि किस तरह यह फर्जी कंपनी बनाई गई। सेक्टर-3 में रजिस्टर्ड एक फर्जी कंपनी के जरिए करोड़ों रुपए के टैक्स घोटाले का खुलासा हुआ है। यह कंपनी हनुमंत टेक्नो सोलर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से 2022 में जीएसटी पर रजिस्टर्ड की गई थी। जांच में सामने आया कि दिए गए पते पर न तो कोई दफ्तर था और न ही कोई गतिविधि। नोटिस भेजे जाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला। रिकॉर्ड में कंपनी का डायरेक्टर मध्यप्रदेश का रहने वाला वाहिद हुसैन पाया गया। हालांकि जब जीएसटी की एसआईबी टीम ने उससे संपर्क किया तो उसने बताया कि उसने राधे नामक व्यक्ति को नौकरी के लिए अपने दस्तावेज दिए थे।

नौकरी न लगने पर दोनों का संपर्क टूट गया और उसे कंपनी के संचालन की कोई जानकारी नहीं है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कंपनी ने केवल कागजों पर 30 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार दिखाया।

# यमुना में डूबे छात्र का 3 दिन बाद मिला शव

## बागपत में चारा लेने घर से निकला था, पैर फिसलने से हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार



बागपत, यमुना नदी के किनारे एक दुखद घटना सामने आई है। माता कॉलोनी निवासी मोहसिन पशुओं के लिए चारा लेने यमुना किनारे गया था। चारा लेकर लौटते समय उसका पैर फिसल गया और वह नदी में गिर गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस और गोताखोरों की टीम ने तीन दिन तक लगातार तलाश की। मोहसिन का शव सांकरौद गांव के पास यमुना किनारे मिला। शव करीब 10 किलोमीटर तक बहकर गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से मोहसिन के परिजनों की हालत बेहद खराब है। स्थानीय लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं। यमुना नदी में यह हादसा ऐसे समय हुआ है जब हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने और पहाड़ों में हो रही बरसात के कारण नदी का जलस्तर बढ़ रहा है।

# पहलवान राखी का आमरण अनशन

- पति और ससुराल वालों से विवाद, महिला आयोग ने दिया जल्द समाधान का आश्वासन

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, कलेक्ट्रेट के बाहर राष्ट्रीय स्तर की पहलवान राखी आमरण अनशन पर बैठी हैं। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल ने उनसे मुलाकात की। राखी ने 12 से अधिक राज्य और राष्ट्रीय स्तर के मेडल जीते हैं। उन्होंने भुवनेश शर्मा से प्रेम विवाह किया था। 9 जुलाई 2024 को परिवार की सहमति से सामाजिक रीति-रिवाज से भी शादी की गई। भुवनेश मुंबई की एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। शादी के बाद से दंपति के रिश्तों में तनाव बढ़ता गया। राखी का कहना है कि पति और ससुराल पक्ष ने उन्हें अकेला छोड़ दिया है। उनके पति ने तलाक का मामला दायर किया है, जबकि राखी की ओर से कोई तलाक की अर्जी नहीं दी गई है। अनशन के दौरान राखी के माता-पिता उनके साथ हैं। कई सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी उनका समर्थन कर रहे हैं। नडॉ. हिमानी अग्रवाल ने आश्वासन दिया है कि महिला आयोग इस मामले को गंभीरता से देखेगा।

जल्द ही दोनों पक्षों को एक साथ बैठाकर बातचीत कराई जाएगी।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 का समापन

## 5 साल बाद यात्रा का आयोजन किया गया था, 720 श्रद्धालुओं ने भाग लिया

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 का समापन हो गया। 5 साल बाद इस यात्रा का आयोजन हुआ। इसमें 720 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अब 48 तीर्थयात्रियों का आखिरी जत्था आज वापस लौटा। यह यात्रा 30 जून 2025 को शुरू हुई थी और 5 साल के अंतराल के बाद आयोजित की गई थी। इस यात्रा में कुल 720 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इन यात्रियों को और पुराने यात्रियों को कैलाश मानसरोवर भवन में अलग-अलग समय में सम्मानित किया गया। सभी 720 तीर्थ यात्रियों ने बहुत आनंद के साथ इस यात्रा को पूरा किया। कैलाश मानसरोवर समिति के पदाधिकारियों ने पहले तीर्थयात्रियों को और इस साल के तीर्थ यात्रियों को सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह गाजियाबाद के इंदिरापुरम में बने कैलाश मानसरोवर भवन में हुआ। जिसमें तीर्थ यात्रियों का सम्मान हुआ। यह यात्रा लगभग 22 दिनों तक चली, जिसमें 14 दिन भारत और 8 दिन तिब्बत में बिताए गए। इस धार्मिक यात्रा के लिए दो रास्ते थे- उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा और सिक्किम में नाथुला दर्रा से होकर गए। दिनेश चंद गर्ग, मैनेजर कैलाश मानसरोवर भवन गाजियाबाद ,पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश ने बताया आस्था के अनुसार, कैलाश पर्वत भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है, जो इसे धार्मिक और सांस्कृतिक दोनों रूप से महत्वपूर्ण बनाता है। इस यात्रा में 19,500 फीट तक की ऊंचाई पर दुर्गम परिस्थितियों में चढ़ाई करनी पड़ती है। जिसमें खराब मौसम और ऊबड़-खाबड़ इलाका शामिल है।

आस्था और विश्वास इसे आसान बना देती है, इस बार सरकार ने ने तीर्थ यात्रियों के हौसले और विश्वास को और मजबूत बना दिया। यात्रियों ने कहा- कैलाश मानसरोवर यात्रा की तैयारी यात्री बहुत दिनों पहले ही शुरू हो जाती है।

श्रद्धालुओं को हर कड़ी चुनौती का अभ्यास पहले ही करना पड़ता है, तीर्थ यात्रियों का मानना है कि ये यात्रा पहले कठिन लगती है। लेकिन भगवान शिव की आस्था इसे आसान ही नहीं यादगार भी बना देती है।

# दहेज के लिए पत्नी की हत्या



## 5 लाख और कार की मांग पर पति-सास ने महिला को मारा, दोनों गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

जेवर, दहेज हत्या का एक मामला सामने आया है। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के मकनपुर बांगर गांव में एक महिला की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति और सास को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान सन्नो (23) के रूप में हुई है। उसकी शादी करीब सवा दो साल पहले आमिर उर्फ कपिल से हुई थी। मृतका के भाई शाहरुख ने बताया कि शादी में मिले दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। वे 5 लाख रुपए नकद और एक कार की अतिरिक्त मांग कर रहे थे। पीड़िता के भाई ने पति आमिर उर्फ कपिल, सास जन्नत समेत 7 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने आरोपी पति और सास को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। दोनों को जेल भेज दिया गया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर बीजेपी की बैठक

## वित्तविहीन शिक्षकों को वोटिंग राइट दिलाने का श्रेय लिया, भाजपा प्रत्याशी की जीत का संकल्प

अमन लेखनी समाचार




बुलंदशहर, भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर शिक्षक एमएलसी चुनाव की योजना बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी (शिक्षक) श्रीचंद शर्मा मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने बैठक की अध्यक्षता की। शिक्षक चुनाव अभियान संयोजक और जिला उपाध्यक्ष दीपक ऋषि ने कार्यक्रम का संचालन किया। एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने शिक्षकों के हित में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि वित्तविहीन शिक्षकों के वोटिंग अधिकार को बहाल करने का काम बीजेपी ने किया है। जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने कार्यकताओं से शिक्षक एमएलसी चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से जिताने का आह्वान किया। बैठक में रमेश पांडे, कुलदीप चौधरी, सुधीर राघव, कमलकांत कौशिक, आईटी विभाग के जिला संयोजक अंशुल शर्मा (अगवाना), अरुण प्रजापति, विकास वार्ष्णेय, अमोलक मीना, अंकुर अग्रवाल, जितेंद्र सिंह, नरेश शर्मा, दीपक वत्स, कपिल शर्मा, प्रभात मुद्गल, धर्मेंद्र तेवतिया और योगेंद्र ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हादसे के बाद जागा प्रशासन

- ट्रैक्टर-ट्रॉली परिचालन पर प्रभारी मंत्री नाराज, बोले- नहीं थी कोई बैक रिफ्लेक्टर लाइट

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, नेशनल हाईवे पर हुए हादसे ने यातायात नियमों के खुले उल्लंघन को लेकर प्रशासन की गम्भीरता पर प्रश्न चिह्न लगाया है। ट्रेक्टर ट्रॉली में इतनी बड़ी संख्या में लोग सफर करते रहे और एटा-अलीगढ़ का जिला प्रशासन सोता रहा। ट्रेक्टर ट्रॉली के पीछे बैक रिफ्लेक्टर लाइट तक नहीं थी। इसी कारण इतना बड़ा हादसा हो गया। प्रभारी मंत्री ने भी इसको लेकर कल नाराजगी जताई। यह दर्दनाक हादसा हुआ था। हादसे में 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 45 घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 42 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। दो लोगों की हालत गंभी बनी हुई है। कासगंज जिले से ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर 67 श्रद्धालु राजस्थान के हनुमानगढ़ के गोगामेड़ी स्थित जाहरवीर बाबा के मंदिर जा रहे थे। नेशनल हाईवे 34 पर बुलंदशहर के अरनिया थाना क्षेत्र के गांव घटाल के निकट रविवार देर रात करीब 2 बजे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे में दो मां-बेटों समेत 11 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की है। प्रभारी मंत्री अरुण सक्सेना ने बताया कि यह हादसा बहुत ही दुखद है और इसके पीछे की वजहें भी बहुत चिंताजनक हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉली में इतने लोगों का एक साथ सफर करना और बैक रिफ्लेक्टर लाइट की अनुपस्थिति ने इस हादसे को और भी भयावह बना दिया।

# थाना कोतवाली कर्वी पुलिस ने एक अभियुक्त को चोरी की मोटर साईकिल के साथ किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



चित्रकूट ।पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियो के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को चोरी की मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि दिनांक 26.09.2024 को थाना कोतवाली कर्वी पुलिस टीम उ0नि0 विवेक कुमार सिंह एवं उनकी टीम द्वारा ग्राम सपहा में वन विभाग नर्सरी के पास गनीवा - कर्वी मार्ग पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी कि एक व्यक्ति बिना हेलमेट लगाये हुये मोटर साइकिल चलाता हुआ रंगौली की तरफ आता दिखाई दिया। मोटर साइकिल उपरोक्त को रोककर मोटर साइकिल के प्रपत्र मांगे गये तो हीला हवाली करते हुए अभी पास में प्रपत्र न होने की बात बतायी। संदिग्ध प्रतीत होने पर व्यक्ति का नाम पता पूछा गया तो व्यक्ति ने अपना नाम अवधेश कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी लोढ़वारा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट बताते हुए बताया कि वर्ष 2023 में पूना (महाराष्ट्र) में काम करने गया था ।वही से मोटर साइकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नं0 टल्र 12 ळत्रू 0372 को चुरा कर यहाँ चला आया। तब से यही पर मो0सा0 उपरोक्त को चला रहा हू। ई-चालान एप पर रजिस्ट्रेशन नं0 टल्र 12 ळत्रू 0372 को चेक किया गया तो वाहन स्वामी का नाम तेजस महेश भोसले पुत्र महेश प्रसाद निवासी बिववे नगर सी0ई0एन0 86 विववेवाणी रोड नियर एआई माता टेम्पल विववेवाणी पुणे 411037 मो0नं0 8830514004 बताया वाहन स्वामी से जरिये दुरूभाष वार्ता की गयी तो वाहन स्वामी द्वारा बताया गया कि उनकी मोटर साइकिल वर्ष 2023 में पूणे से चोरी हो गयी थी। जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0 372/2023 धारा 379 भादवि0 थाना हिजवाड़ी जिला पिम्परी चिचवड़ महाराष्ट्र में पंजीकृत कराया गया था।चोरी की मोटर साइकिल बरामद होने पर दिनांक 26.08.2025 को समय 21.50 बजे गिरफ्तार करते हुए आज दिनांक 27.08.2025 को थाना कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 548/25 धारा 317(2) बीएनएस व 35 बीएनएसएस पंजीकृत किया गया।

# पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया



अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट ।पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाए जाने एवं आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा ग्राम सुरक्षा समिति/पीस कमेटी के सदस्यों के साथ थानों पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम प्रधान और बीडीसी सदस्यों,सभ्रान्त व्यक्तियों,पीस कमेटी के सदस्यों से अपने-अपने गांव में ग्राम सुरक्षा समिति को क्रियाशील करने एवं रात्रि में पहरा लगाने व अफवाह पर ध्यान न देने तथा किसी अज्ञात व्यक्ति के गांव में आने पर उसे बेवजह मारपीट न करने और ड्रोन की भ्रामक सूचना के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।ग्राम समिति के पुनः गठन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा और सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देना ,ग्राम की सुरक्षा सुनिश्चित करना,गाँवो में चोरी, डकैती, या अन्य आपराधिक गतिविधियों को रोकना है।

# संविदा कर्मी द्वारा महिला शिक्षक के साथ अभद्रता को लेकर विरोध प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जनपद में शिक्षा विभाग ने बीएसए के खिलाफ जमकर हंगामा हुआ है।मामला इतना बढ़ा कि महिला शिक्षकों के साथ पुरुष शिक्षक भी सड़कों पर उतर आए। दरअसल, संविदा कर्मी द्वारा महिला शिक्षक के साथ अभद्रता और उसके बाद बीएसए की कथित दबंगई ने शिक्षकों का गुस्सा भड़का दिया।सोनभद्र के उरमौरा स्थित बीएसए कार्यालय पर आज शिक्षकों का गुस्सा फूट पड़ा।कार्यालय के बाहर भारी संख्या में शिक्षक जुटकर नारेबाजी करने लगे। आरोप है कि सीसीएल से जुड़ी मांग को लेकर पहले से ही भड़के बैठे बीएसए ने महिला शिक्षक से अभद्र व्यवहार किया और उन्हें दफ्तर से बाहर निकाल दिया।इसी बीच पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद मामला गरमा गया। देखते ही देखते बीएसए कार्यालय पर शिक्षकों का हुजूम उमड़ पड़ा और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए मौके पर पुलिस और पीएसी की तैनाती करनी पड़ी।अब देखने वाली बात यह होगी कि इस पूरे मामले में जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग क्या कार्रवाई करता है।वहीं मामले को लेकर महिला शिक्षक संघ की अध्यापिका ने बताया कि बीएसए कार्यालय में कार्यरत डीसी अरविन्द पाठक को लेकर उनके द्वारा की गई अव्यवहारिक बातों की वजह से विरोध बढ़ा है।तो।हम लोगों द्वारा बीते दिनों में बेसिक शिक्षा अधिकारी से भी शिकायत की गई बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई जिसे लेकर प्रदर्शन किया जा रहा। डीसी द्वारा इसके पहले भी अन्य शिक्षकों के साथ अभद्रता से बात की गई है जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा हम शिक्षकों पर आरोप लगाया गया कि हम लोग ठीक से पढ़ाई नहीं कराते।जबकि यह आरोप पूरी तरह से निराधार है।और आज भी इस प्रदर्शन में कोई निर्णय नहीं निकला हम सब की मांग है कि हमारे साथ दुर्व्यवहार करने वाले डीसी को तत्काल हटाया जाए।

खास समाचार

## राजकीय पालीटेक्निक कालेज में विधार्थियों को टेबलेट वितरण किए गए

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर।स्थानीय मनकी तिराहा के पास स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में विद्यार्थियों को शिक्षा में आगे बढ़ने के लिए टेबलेट का वितरण किया गया सरकार की महत्वाकांशी स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को निशुल्क टेबलेट का वितरण किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य पवनकुमार वासुदेव ने संबोधित करते हुए बताया कि सरकार द्वारा छात्रों को वितरित किये जा रहे टेबलेट आधुनिक शिक्षा प्रणाली की दिशा में ऐतिहासिक कदम है ।इससे विद्यार्थियों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तक आसानी से पहुंच होगी ।तथा तकनीकी शिक्षा में उनकी दक्षता बढ़ेगी डिजिटल युग में शिक्षा को तकनीक से जोड़ना आवश्यक है ।सरकार का यह प्रयास छात्रों के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभायेगा।शिक्षकों ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के छात्रों के बीच शिक्षा की खाई कम होगी।तथा छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की ।इस अवसर पर प्रवक्ता अमन शान सिद्दीकी, ज्ञान सिंह यादव, राज प्रताप सिंह, पूजा वर्मा, ज्ञानेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। क्षेत्र के ग्राम करहिया में दरवाजे पर शराब पीने को मना करने पर आक्रोशित भाइयों ने दंपति को घर में घुस मारपीट घायल कर दिया ।पीड़ित की तहरीर पर- कोतवाली पुलिस ने आरोपी भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम करहिया निवासी शिवमोहन पुत्र स्वर्गीय गोपी ने कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है कि 25 अगस्त की शाम उसके घर के दरवाजे पर करिया व मानसिंह उर्फ भान सिंह पुत्रगण हिम्मा शराब पी अभद्रता कर रहे थे जिस पर शिव मोहन ने उन्हें अपने दरवाजे से जाने को कहा इस बात से आक्रोशि दोनों भाइयों ने शिव मोहन के घर में घुस उसके साथ मारपीट शुरू कर दी, यह देख शिवमोहन की पत्नी उसे बचाने पहुंची तो आरोपियों ने उसे भी मारपीट घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने उपर्युक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 331(6), 115(2) व 351(3) के तहत मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## चकरोड की नाप को लेकर दो पक्षों में हुई तीखी नोक झोंक

तहसील प्रशासन की मौजूदगी में हुई चकरोड की नाप

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। गरौठा के ग्राम नुनार निवासी मैथलीशरण दुवे व गुरसराय थाना क्षेत्र के लखावती निवासी संजू शर्मा के शीला मौजा में आमने सामने खेत है ।खेत के बीचों बीच सरकारी चकरोड निकला हुआ है ।यह चकरोड अन्य किसानों को निकलने के लिए आम रास्ता है ।इस चकरोड पर अतिक्रमण हो गया है ।इसी को लेकर लखावती एवं नुनार के किसान एक दूसरे पर चकरोड पर कब्जा कर लेने का आरोप लगाकर झगडा करते रहते है ।जिसको लेकर दोनो पक्षों मे विवाद चल रहा था।लेखपालों एवं राजस्व कानूनगों की टीम गुरूवार को उक्त चकरोड की फिर से नाप करने गई ।तो वहां दोनो पक्षों मे फिर से विवाद होने लगा ।सूत्रों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच गाली गलौज और तीखी नोक झोंक हुई।विवाद के बीच लेखपालों के साथ भी अभद्रता होने की जानकारी ।मिली है।स्थिति को बिगड़ता देखकर लेखपालों ने इसकी सूचना उपजिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार, तहसीलदार , गरौठा व गुरसराय पुलिस को दी ।उपजिलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि चकरोड की लेखपालों ने नाप कर जगह चिन्हित कर दी है ।चकरोड से शुक्रवार को पुलिस की मौजूदगी मे अतिक्रमण हटाया जायेगा।

# CEIR पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर 03 मोबाइल बरामद, मोबाइल स्वामियों को किए गए सुपुर्द



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र ।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु CEIR पोर्टल पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (आप0) त्रिभुवननाथ त्रिपाठी के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के कुशल नेतृत्व में, थानाध्यक्ष म्योरपुर कमल नयन दूबे तथा उनकी टीम द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए आज दिनांक 27.08.2025 को कुल 03 मोबाइल फोन सकुशल बरामद कर, उन्हें उनके मालिकों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल फोन की बरामदगी से सम्बन्धित समस्त कार्यवाही कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए की गई। पीड़ित व्यक्तियों ने मोबाइल फोन वापस मिलने पर पुलिस विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पारा रैपुरा का छठ महोत्सव आज

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। पारा रैपुरा के मशहूर छठ महोत्सव का आगाज शुक्रवार से होगा। दो दिवसीय इस महोत्सव में लोककला का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान शिवदयाल प्रजापति ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को गांव में नयनाभिराम शोभा यात्रा निकालकर नागनाथ लीला का सुंदर मंचन होगा। रात में वृंदावन के कलाकार रासलीला का मंचन करेंगे। दिन में आल्हा गायन का कार्यक्रम होगा।

## जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक हुई आयोजित

अमेठी। जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विद्यालय वाहनों की फिटनेस जांच, सुरक्षा मानको और परिवहन व्यवस्था को लेकर व्यापक समीक्षा की गई।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ग्रामवासी दादा की 126 जयंती धूमधाम से मनाई गई

## जनपद के गणमान्य लोगों ने भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, निर्भीक पत्रकार, जनपद के प्रथम विधायक पंडित बृजभूषण मिश्र ग्रामवासी जी की 126 वीं जयंती आज 27 अगस्त को धूमधाम और श्रद्धापूर्वक ग्रामवासी सेवा आश्रम चोपन मे मनाया गया ।सर्वप्रथम आश्रम की संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय वायलिन वादक और ग्रामवासी दादा की पुत्री सुश्री शुशाशा मिश्रा व मंचासीन अतिथियो द्वारा दादा जी के चित्र व मुर्ति पर माल्यार्पण ,दीप प्रज्वलन व वन्दे मातरम्‌ गान से प्रारम्भ हुआ ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक ओमप्रकाश त्रिपाठी जी ने विस्तार से दादा जी के जीवन पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश पाण्डेय जी ने कहा कि दादा जी का यह आश्रम सदैव उनके द्वारा किए गए महान कार्यो की याद दिलाते हुए प्रेरणादायक रहेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता व ग्रामवासी सेवा आश्रम के विधिक सलाहकार राकेश शरण मिश्र ने दादा जी के जयंती पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामवासी दादा का पुरा जीवन संघर्ष, त्याग, सुचिता और सामाजिक विकास से भरा पड़ा है और आज की वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है ।कार्यक्रम को कवि दिवाकर मेघ , सुरेन्द्र बरनवाल, सुरेश तिवारी रवि प्रकाश चौबे इत्यादि ने भी संबोधित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। ग्रामवासी दादा के पंचसुत्र में एक नशा उन्मूलन के कार्य को गति देते हुए आश्रम मे ही संकल्प नशा मुक्ति व स्वास्थ्य सेवा केंद्र के प्रवन्धक नीशु यादव जी के नेतृत्व में सभी स्टाप व मरीजो नें भी दादा जी के मुर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया ।जयंती समारोह मे प्रमुख रूप से लखनऊ से आये जेपी पाण्डेय, काशी से आये भूपेन्द्र सिंह,ज्ञानेन्द्र पाठक, सन्तोष मिश्रा, सदाफल साहनी, ओमप्रकाश, शेफाली जी मेराज अहमद,इत्यादि उपस्थित हुए कार्यक्रम का समापन व आभार ग्रामवासी सेवा आश्रम की संस्थापक शुभाशा मिश्रा जी व संचालन राजेश अग्रहरी ने किया ।

# रेलवे रामलीला समिति के अध्यक्ष बने राजन जायसवाल

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र - नगर की ऐतिहासिक एवं प्रतिष्ठित श्री श्री रेलवे रामलीला समिति, चोपन की बैठक कैलाश मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से राजन जायसवाल को समिति का अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष बनाए जाने पर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका स्वागत कर बधाई दी। बैठक में मौजूद वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बताया कि श्री श्री रेलवे रामलीला समिति नगर में वर्षों से धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखते हुए रामलीला का भव्य आयोजन करती आ रही है। समिति के कार्यों को और भी सुदृढ़ बनाने तथा रामलीला मंचन को आकर्षक व अनुकरणीय बनाने के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजन जायसवाल से आशा व्यक्त की गई कि उनके नेतृत्व में अच्छा व भव्य कार्यक्रम का आयोजन कराया जाएगा। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर राजन जायसवाल ने कहा कि समिति द्वारा जो विश्वास उन पर जताया गया है, उसे वह पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से निभाएंगे। साथ ही रामलीला मंचन को भव्यता प्रदान करने और धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण हेतु सभी सदस्यों के सहयोग से कार्य करेंगे। इस अवसर पर समिति के संरक्षकगण, पदाधिकारीगण, नगर के गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएँ दीं और रामलीला समिति की निरंतर प्रगति की कामना की। इस मौके पर सुनील सिंह, प्रदीप अग्रवाल, अशोक सिंघल, सुरेश गर्ग,राजू चौरसिया, रामकुमार सोनी, अरविंद श्रीवास्तव, रिंकू अग्रहरी, विकास सिंह छोटकू आदि मौजूद रहे

# बैरन हो गई जूनहियां मै कैसे करूं सुनकर झूमे श्रोता

**रातभर कस्बे में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। तीजा महोत्सव को दूसरे दिन बुधवार की रात बुंदेलखंड के मशहूर मस्ताना ग्रुप के बुंदेली गायको ने शमां बांध दिया। युवा कलाकार ऋषि मस्ताना ने दमादम मस्त कलंदर प्रस्तुत करके युवाओं को झूमने को मजबूर कर दिया। वहीं पशु बाजार मैदान में झांसी से आए मास्टर इसरार कंपनी के कलाकारों ने समसा फिरोज नाटक प्रस्तुत कर जमकर वाहवाही लूटी। छोटी बाजार में वृंदावन से आए कलाकारों ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर मंचन किया। कस्बे के ऐतिहासिक तीजा के दूसरे दिन बुधवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। रामलीला मैदान में छतरपुर के मशहूर बुंदेली गायक बाबूलाल मस्ताना ने सिंगर रोशनी पटेल के साथ बैरन हो गई जुन्हिया मैं कैसे करूं सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। उभरते युवा कलाकार ऋषि मस्ताना ने गणेश वंदना के साथ दमादम मस्त कलंदर सुनकर युवाओं को झुमा दिया। हेमंत तूफानी ने आशिकी और काजल के साथ पीकर शंकर जी की बूटी, खुल गई अंखियां निंदिया टूटी में जोरदार नृत्य प्रस्तुत करके खूब वाहवाही लूटी।

कार्यक्रम में बैंजो में भागचंद अहिरवार,ढोलक वादक मनोज गुप्ता, ऑक्टोपैड में आकाश सेन, तबला वादक अयोध्या प्रसाद ने संगत कर कार्यक्रम को ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। कार्यक्रम का संचालन एम.खान ने किया। इसी तरह पशु बाजार मेला मैदान में मास्टर इसरार ग्रुप के कलाकारों ने समसा फिरोज नाटक का जोरदार मंचन किया। फिरोज का अभिनय इकरार, समसा की भूमिका जफरअली, तुगलक का अभिनय राजाराम, कौमिक का अभिनय मास्टर अख्तर ने किया। यहां पर मेला प्रबंधक अमर सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, जयकरण सिंह, सौमित्र सिंह, अंकित उर्फ रानू सिंह, सानू गुप्ता, जितेंद्र सिंह तोमर आदि मौजूद रहे। छोटी बाजार में वृंदावन से आए कलाकारों ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर मंचन किया। यहां पर श्रीकृष्ण लीला कमेटी के अध्यक्ष जयप्रकाश दीक्षित, कुंजबिहारी पांडे, बृजलाल सिंह, सुरेश यादव, महेश भदौरिया, संजीव पांडे, राघवेंद्र पांडे, श्यामबाबू पांडे आदि मौजूद रहे। गुरुवार को पशु बाजार मेला मैदान में विशाल आल्हा गायन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। आल्हा सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी रही। इसी तरह त्रिवेणी मैदान में कबीरी भजन का कार्यक्रम निरंतर जारी है।

# साइबर क्राइम टीम की सफलताः शिक्षक से ठगे गए 5000 वापस, पीड़ित ने की प्रशंसा

अमन लेखनी समाचार




मिर्जापुर: मिर्जापुर पुलिस की थाना लालगंज साइबर क्राइम टीम ने ऑनलाइन ठगी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित शिक्षक सुभाष चंद मौर्या के बैंक खाते से ठगे गए 5000 की धनराशि वापस कराने में सफलता हासिल की। दिनांक 13 अगस्त 2025 को सुभाष चंद मौर्या, निवासी गंगहरा खुर्द, थाना लालगंज, ने ठउफढ पोर्टल पर शिकायत दर्ज की थी कि अज्ञात अढङ फाइल डाउनलोड कराकर उनके खाते से किसान निधि फंड के नाम पर 5000 की ठगी की गई। शिकायत (संख्याः 33108250094435) के आधार पर थाना लालगंज की साइबर सेल ने जांच शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में साइबर क्राइम टीम ने तत्परता से जांच की और ठगी की पूरी धनराशि 5000 पीड़ित के खाते में वापस कराई। धनराशि वापस मिलने पर सुभाष चंद मौर्या ने थाने पर उपस्थित होकर मिर्जापुर पुलिस, उच्चाधिकारियों और साइबर क्राइम टीम की सराहना की। पुलिस ने पीड़ित को साइबर जागरूकता अभियान के तहत ऑनलाइन ठगी से बचाव की जानकारी दी और उन्हें दूसरों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। साइबर क्राइम टीम संजय कुमार सिंह, थानाध्यक्ष, थाना लालगंज, कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष कुमार, थाना लालगंज- कांस्टेबल कुलदीप पाल, थाना लालगंज, महिला कांस्टेबल अंजली, थाना लालगंज।

# तहसील कर्वी में सरकारी कार्यालयों और लेखपालों द्वारा प्राइवेट मुंशियों से कराए जा रहे हैं कार्य

अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। तहसील कर्वी में सरकारी कार्यालयों और लेखपालों द्वारा प्राइवेट मुशियों से दलाली और भ्रष्टाचार करवाने के आरोप लगाए गए हैं। राजेश कुमार पांडेय एडवोकेट ने उपजिलाधिकारी महोदय को पत्र लिखकर इस समस्या की जांच करवाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की जांच करने की मांग की है। आरोप है कि तहसील कार्यालय और लेखपालों के कार्यालयों में प्राइवेट मुशियों को लम्बे अर्से से काम लिया जा रहा है और दलाली कराई जा रही है। एडवोकेट राजेश कुमार पांडे ने बताया कि अभी पिछले दिनों सरकार की गाइडलाइन आई थी कि यदि कोई प्राइवेट कर्मी प्राइवेट काम करते पकड़ा जाएगा तो कार्रवाई होगी राजेश कुमार पांडेय एडवोकेट ने उपजिलाधिकारी महोदय से मांग की है कि तहसील कर्वी में सरकारी कार्यालयों और लेखपालों द्वारा प्राइवेट मुशियों से दलाली और भ्रष्टाचार की जांच करवाने के लिए किसी अधिकारी या सतर्कता विभाग से जांच करवाई जाए। जांच में दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करवाकर दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। आरोप है कि प्राइवेट मुशी तहसील कार्यालय और लेखपालों के कार्यालयों में दलाली कर रहे हैं और आम जनमानस को परेशान किया जा रहा है। राजेश कुमार पांडेय एडवोकेट का कहना है कि उनके पास प्राइवेट मुशियों के हस्तलिखित अभिलेखों की प्रतियां सुरक्षित है। राजेश कुमार पांडेय एडवोकेट ने उपजिलाधिकारी महोदय से मांग की है कि तहसील कर्वी में सरकारी कार्यालयों और लेखपालों द्वारा प्राइवेट मुशियों से दलाली और भ्रष्टाचार की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही, आम जनमानस को इस ज्वलंत भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# पड़ोसी जनपद के गांजा तस्कर आरोपी को पकड़ा

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। नगर समेत क्षेत्र में गांजा की तस्करी कम होने का नाम नहीं ले रही है। कोतवाली पुलिस ने बुधवार को पड़ोसी जनपद के एक युवक समेत एक महिला को गांजा की आपूर्ति करते हुए मय गांजा के गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अवगत हो कि नगर समेत क्षेत्र में कई दशकों से नशीले पदार्थों की तस्करी का धंधा जोरों से चल रहा है इसमें नगर के कई सफेदपोश नेताओं समेत जिम्मेदार लोग भारी मात्रा में गांजे के साथ पकड़े जाने के बाद जेल जा चुके है उसके बावजूद भी यह गांजे का धंधा थमने के बजाय दिनों दिन फल फूल रहा है। नगर के बड़े चौराहे, मलिक कुआ चौराहे के समीप साजन तालाब व स्टेशन मार्ग पर 50, 100, 200 व 500 की गांजे की पुड़िया धड़ल्ले से भेजी जा रही है। इस धंधे में कई महिलाएं भी संलिप्त हैं। क्षेत्र के गांजा माफिया उड़ीसा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश से यहां गंजे की आपूर्ति की जाती है जो ट्रेनों, लोडर व ट्रैकों के द्वारा लाया जाता है। गांजा माफिया गरीब माफियाओं व युवकों को चंद रूपयों का लालच देकर उनसे नगर समेत क्षेत्र में गांजे की आपूर्ति करवाते हैं। नगर समेत क्षेत्र में 20000 से लेकर 40000 तक प्रति किलो गांजा बेचा जा रहा है। स्थानीय पुलिस कभी कभार इस धंधे में लिफ्त आरोपियों को पकड़ जेल भेज वायवाही लूटने का प्रयास करती है इसी क्रम में कोतवाली पुलिस में बुधवार को नगर के गुड़ाही बाजार से रोहित पुत्र अशोक कुमार निवासी जरौली कोठी पुलिस लाइन बाँदा को तीन किलो गांजा समेत गिरफ्तार करने का दावा किया है वही सिसोलर मार्ग में परछा मोड़ के समीप बुधवार की शाम पूजा नामदेव पत्नी शिवम निवासी पुराना बैरिक कर्वी को भी एक किलो नौ सौ ग्राम गांजा समेत हिरासत में लेकर इनके खिलाफ विधिक कार्रवाही कर जेल भेजा है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

बच्चो, नन्ही उम्र में भी बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है, अगर हौसले बुंदल हों तो। यह बात स्पोर्ट्स की फील्ड में भी लागू होती है। हम तुम्हें विभिन्न खेलों में बेहद कम उम्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने देश का नाम रोशन करने वाले कुछ नन्हे खिलाड़ियों के बारे में बता रहे हैं। बच्चो, तुम इनसे प्रेरणा लो और तुम भी अपना नाम रोशन करो।

मिसाल

शिखर चंद जैन

# छोटी उम्र के बड़े खिलाड़ी





## वैभव सूर्यवंशी
### आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी

**19 अप्रैल** 2025 को बिहार के वैभव सूर्यवंशी 14 वर्ष और 23 दिन की उम्र में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स टीम के लिए डेब्यू किया और इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर अपने करियर की शुरुआत शानदार अंदाज में की। वैभव ने आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाकर रिकॉर्ड बनाया और टी-20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने। वैभव ने जनवरी में बिहार की तरफ से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था और अंडर-19 टेस्ट सीरीज में शतक बनाया था। वैभव ने 12 साल और 284 दिन की उम्र में बिहार के लिए रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया था, जिससे वह सबसे कम उम्र के डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों में से एक बन गए। *

## तन्वी पत्री
### बैडमिंटन में बढ़ती पहचान

**जूनियर पीवी** सिंधु के नाम से मशहूर ओडिशा की तन्वी पत्री जब स्वर्ण पदक जीतकर अंडर-15 गर्ल्स एशियन चैंपियन बनीं तो हर किसी की नजर उन पर टिक गई। तन्वी ने 5 साल की उम्र से बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था।





13 साल की उम्र तक आते-आते वह बैडमिंटन की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा बन गईं। तन्वी ने स्टेट के साथ-साथ नेशनल-इंटरनेशनल लेवल पर कई स्पोर्ट्स इवेंट्स में भाग लिया और कई पदक अपने नाम किए हैं। तन्वी के माता-पिता रबी नारायण पत्री और शैलबाला सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वह पहले चीन में काम करते थे, वहीं तन्वी ने बैडमिंटन खेलना शुरू किया। तन्वी ने 2017 और 2020 के बीच चीन में नौ खिताब जीते थे। इसके बाद उनका परिवार कोविड-19 महामारी के कारण भारत लौट आया। 2022 में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में शामिल हो गईं। तन्वी रैंकिंग बैडमिंटन चैंपियनशिप में लड़कियों का एकल खिताब जीतने वाली ओडिशा की पहली शटलर बनीं। वह चीन के चेंगदू में चेंगदू विश्वविद्यालय में एशियाई जूनियर (यू-15 यू-17) बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला अंडर-15 एकल में स्वर्ण पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय शटलर बनीं। तन्वी का सपना है कि वह ओलंपिक में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतें। *

## लव-कुश
### देश के सबसे नन्हे पहलवान

**मथुरा निवासी** 6 वर्षीय दो जुड़वा भाई लव-कुश को देश के सबसे छोटे पहलवानों के रूप में पहचाना जाता है, जो अपनी छोटी उम्र में इतनी शारीरिक शक्ति के लिए जाने जाते हैं। वे दोनों रोजाना कई किलोमीटर दौड़ते हैं और बड़ी संख्या में सपाटे (दंड-बैठक) मारते हैं। लव-कुश सोशल मीडिया पर काफी प्रसिद्ध हैं। लव-कुश ने 5 साल की उम्र में वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया था, जिसमें 50 मिनट में 1000 सपाटे और 10 किलोमीटर की दौड़ शामिल थी। *



## धिनिधि देसिंघु
### लहरों से खेलने वाली लड़की


**कर्नाटक के** बेंगलुरु की रहने वाली 14 वर्षीय धिनिधि देसिंघु, एक भारतीय तैराक हैं। वैसे तो वह 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्वीमिंग में एक्सपर्ट है लेकिन इसके साथ ही वह 100 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में भी पार्टिसिपेट करती है। धिनिधि ने पिछले वर्ष पेरिस में आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के लिए अर्हता प्राप्त की थी। वह पेरिस ओलंपिक के साथ-साथ 2022 के एशियाई खेलों में भी सबसे कम उम्र की भारतीय एथलीट भी थीं। धिनिधि ने 2018 में तैराकी को एंटरटेनिंग स्पोर्ट के रूप में शुरू किया था। लेकिन जल्द ही प्रतिस्पर्धी तैराकी को अपना लिया। वह 2023 में सुर्खियों में आईं, जब उन्होंने जूनियर और सब-जूनियर नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में नेशनल रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही 200 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में दो और रिकॉर्ड बनाए। धिनिधि ने गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों में सात स्वर्ण पदक जीते और दोहा में हुई विश्व चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया। 2024 में धिनिधि ने कर्नाटक मिनी ओलंपिक, कर्नाटक जूनियर और सब-जूनियर एक्वेटिक चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता। *



# क्यों जरूरी है खेलना

जरूरी बात

मोनिका शर्मा



खेलना, हर बच्चे को खूब भाता है। स्कूल का ग्राउंड हो या घर का आंगन या फिर गली-मोहल्ला, यहां अपने फ्रेंड्स के साथ खेलते हुए सबसे ज्यादा खुशी मिलती है। खेलते समय ही नए दोस्त भी बनते हैं। अपनी टीम बनाने और जीतने के ट्रिक्स सीखने का मौका भी मिलता है। मेहनत से जीत पाने का आत्मविश्वास और जज्बा भी आता है। एक्टिव और फिट रहने में मदद मिलती है। शरीर ही नहीं, मन ऊर्जा से भर जाता है। ऐसी बहुत सी प्यारी और जीवन से जुड़ी जरूरी बातों को सीखने के लिए खेलना बहुत जरूरी है।

**छोड़ो स्क्रीन गेम:** बच्चो, यह चिंता की बात है कि तुम सबका धमा-चौकड़ी मचाते, भागते-दौड़ते हुए खेलना अब कम होता जा रहा है। असल में स्मार्ट गैजेट्स तुम्हारा खेलने का समय चुरा रहे हैं। तुम सब स्क्रीन के मैदान में ही खेलने लगे हो। कभी कुछ कंटेंट देखते रहते हो या कोई वीडियो गेम खेलते हो। यह सही नहीं है। बच्चो, स्क्रीन के गेम छोड़कर घर से बाहर निकलना और अपनी रुचि का कोई खेल खेलना जरूरी है। स्क्रीन वाले गेम्स तुम्हारी आईसाइट कमजोर करते हैं। दिमाग को थकाते हैं। शरीर का पॉस्चर बिगाड़ते हैं। वहीं दूसरी ओर बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल जैसे मैदान में खेलने वाले गेम्स दिमाग के साथ शरीर को एक्टिव और ऊर्जावान रखते हैं। घर के अंदर खेले जाने वाले शतरंज, कैरम और लूडो जैसे गेम्स सोचने-समझने की शक्ति बढ़ाते हैं।



**खेलो नए पुराने खेल:** बच्चो, कबड्डी, लुका-छिपी, खो-खो, सतोलिया, स्टापू, रस्सी कूद, गिल्ली डंडा, रुमाल झपट, लट्टू और कंचा जैसे कई मजेदार खेलों को अब लोग भूल रहे हैं। ऐसे ट्रेडिशनल खेल शरीर और दिमाग दोनों को एक्टिव बनाने वाले हैं। बच्चो, इन खेलों को तुम मम्मी-पापा या दादू-दादी के साथ भी खेल सकते हो। तुम्हारे साथ में उनको भी बहुत खुशी मिलेगी। इससे फिटनेस, फोकस और सक्रियता जैसी सौगातें तो हिस्से आएंगी ही, अपनों का प्यार भी मिलेगा। उनके साथ मस्ती भरा समय बीतेगा। परिवार के बड़े मेंबर्स के साथ उनके बचपन से जुड़े खेल खेलते हुए टाइम बिताना फैमिली बॉन्डिंग को मजबूत करेगा।

**खेलने से अनगिनत फायदे:** बच्चो, खेल खेलने से अनगिनत फायदे होते हैं। नियमित खेलने की आदत बनते ही तुम्हें अपने आप में कई पॉजिटिव बदलाव दिखने लगेंगे। आउटडोर हो या इंडोर, अपनी रुचि का खेल खेलने से तुम परिस्थितियों से लड़ना सीखोगे। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर अच्छा असर पड़ेगा। टीम स्पिरिट बढ़ेगी। हार-जीत से दूर मेहनत करते रहने की सोच को बल मिलेगा। यह बात पढ़ाई में भी बेहतर परफॉर्म करने में मदद करने वाली है। असल में खेल दिमाग को सक्रिय रखते हैं। इसलिए कुछ नया सीखने में भी आसानी रहती है। तुम्हारे डेली रुटीन में डिसीप्लीन आ जाएगी। इमोशनली भी किसी बात से परेशान होने के बजाय खेल हर इंसान को धैर्य और समझ के साथ जीवन के मैदान में डटे रहना सिखाते हैं। जिंदगी के हर फ्रंट की बेहतरी खेलों से जुड़ी है। बच्चो, इन बातों को जानकर तो तुम समझ ही गए होगे कि क्यों जरूरी है खेलना? *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# जुगनू जैसी चमकती कहानियां

बच्चो, हाल में ही बाल कथाओं की एक किताब आई है, जिसका नाम है- चमकते जुगनू। इसमें बड़ी मजेदार और कुछ अलग मिजाज की 10 कहानियां हैं। हालांकि पुस्तक के शीर्षक वाली कहानी छठे क्रम में आती है, लेकिन यहां तक पहुंचते तुम्हें देर नहीं लगेगी। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हें बोरियत महसूस नहीं होगी और न ही ऐसा लगेगा कि जबर्दस्ती कोई तुमको सीख दे रहा है या पाठ पढ़ा रहा है। इन कहानियों में हर कैरेक्टर की अपनी अलग भाषा है। हर कहानी में एक ताजगी है, उत्सुकता जगाती है। तुम पहले से अंदाजा नहीं लगा पाओगे कि आगे क्या होगा? पहली कहानी 'दादाजी का दर्द' एक सबक है एक बच्ची का, उन बड़ों को, जो मोबाइल की बुराई करने से पीछे नहीं हटते। इसी तरह 'गंदा काम-अच्छा काम' कहानी एक प्यार भरी थपकी से कितनी बढ़िया बात कह जाती है। 'चमकते जुगनू' कहानी में जुगनू नाम का बच्चा, असली जुगनुओं की तलाश में निकल पड़ता है। कहानी पर्यावरण का महत्व बताती है। दीपावली, ईद, नए साल और अप्रैल फूल जैसे विषयों पर भी बहुत रोचक कहानियां तुम इस किताब में पढ़ सकते हो। *





**किताब:** चमकते जुगनू (कहानी संग्रह), **लेखक:** विज्ञान भूषण
**मूल्य:** 149 रुपए, **प्रकाशक:** सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली


## बूझो तो जानें / डॉ. राकेश चक्र

1. **कुछ होते** हैं घर के अंदर कुछ होते मैदान में।
शक्ति बढ़ती तन और मन की नाम बताओ कान में।।
2. **न ही** लू है गर्मी वाली न ही वह घर का डोर
चार हैं खाने सोलह गोटियां चार ही बच्चे न हों बोर।।
3. **चार भुजाएं** रहें बराबर चार गोल कोनों पर छेद।
एक स्ट्राइकर, उन्नीस गोटियां लाल, काली और सफेद।।

उत्तर: 1.खेल, 2.लूडो, 3.कैरम

# साइकिल रेस

खेल कोई भी हो, जीत आसानी से नहीं मिलती, इसके लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। विजित कई साल से साइकिल रेस में जीत हासिल नहीं कर पा रहा था, लेकिन इस बार उसने साइकिल रेस की तैयारी बहुत जमकर की फिर जो हुआ वह जीवन के लिए एक बड़ा सबक था।





कहानी

पूनम पांडे

बार-बार विजित को एक ही सपना आ रहा था। आज फिर उसने वही सपना देखा- उसने साइकिल रेस में भाग लिया है, वह जीत गया है। विजित को यह सपना उसे एक नए उत्साह से भर देता। ऐसा नहीं था कि विजित केवल सपना ही देखता था। वह मन लगाकर दिन-रात साइकिल रेस के लिए तैयारी में लगा था। विजित उन लोगों के पास भी निरंतर जाता रहता था, जिन्होंने पिछले कुछ सालों में साइकिल रेस जीती थीं। इनसे वह साइकिल रेस जीतने के लिए अच्छे टिप्स लेता। विजित इस बात को अच्छी तरह समझता था, चैंपियन बनने के लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी। विजित जिस कॉलोनी में रहता था, उस कॉलोनी में कोई न कोई किसी खेल में पारंगत था। कोई शतरंज का, कोई तैराकी का तो कोई टेनिस या कोई साइकिल रेस का चैंपियन था।

विजित को पांच-छह साल की आयु से बहुत अच्छी तरह साइकिल चलानी आ गई थी। अब वह बारह साल का था। विजित का मन उससे बार-बार यही कहता था, अगर वह मन लगाकर सही ढंग से रेस की प्रैक्टिस करेगा तो जीत जरूर हासिल होगी।

वैसे विजित पहली बार साइकिल रेस में भाग नहीं ले रहा था। वह पिछले तीन साल से रेस में भाग ले रहा था। लेकिन उसकी तैयारी इस स्तर की नहीं रहती कि वह जीत सके। विजित के मन में साइकिल रेस जीतने की प्रबल इच्छा थी। यही इच्छा उसको अतीत में हुई पराजय की शर्मिंदगी से बाहर ला सकती थी। इस बार भी विजित ने साइकिल रेसिंग कॉम्पिटिशन में अपना नाम लिखवा दिया था। अगले महीने साइकिल रेस होनी थी। विजित अपनी पढ़ाई के साथ साइकिल रेस की प्रैक्टिस में जी-जान से जुटा था। जब वह तेज गति से साइकिल के पैडल मारने की प्रैक्टिस करता तो उसके पैरों में दर्द होने लगता था। पहले भी रेस की तैयारी में उसके पैरों में दर्द हो जाया करता था, लेकिन वह किसी को बताता नहीं था। इस बार उसने यह बात अपने मम्मी-पापा से छुपाई नहीं, उनकी सलाह ली। स्कूल में खेल शिक्षक से भी बात की, उन्होंने जो सलाह दी, उस पर अमल किया। उसकी मम्मी ने भी उसे पैरों के कुछ ऐसे व्यायाम बताए, जो पैरों की नसों को मजबूत करते हैं। मम्मी ने उसको कुछ आसनों को करने की विधि बताई, जो वह नियमित करता। इन आसनों को करने से उसकी शारीरिक ही नहीं भीतरी शक्ति भी बढ़ी।

विजित ने मन ही मन यह भी सोच लिया था, अगर वह इस बार भी साइकिल रेस में हारा तो कतई निराश नहीं होगा। पिछली बार की तरह सुबकते हुए घर नहीं आएगा। इसके लिए ना तो साइक्लिंग ट्रैक को और ना ही मौसम को जिम्मेदार ठहराएगा। वह अपनी हार के लिए किसी को बुरा-भला कहकर उसे पीठ पीछे अपमानित भी नहीं करेगा। अपनी हार के सदमे में ना आकर आगे और बेहतर करके जीत का संकल्प लेगा। वह साइकिल रेस को जीवन के लिए एक नया अनुभव और सबक मानेगा। इसी सकारात्मक सोच को मन में संजोकर विजित हर रोज जोश और जज्बे के साथ साइकिल रेस का अभ्यास करता रहा। उसने साइकिल रेस के लिए खुद को काफी अच्छी तरह तैयार कर लिया था।

रेस वाला दिन आ गया। इस बार उसे ना तो घबराहट हो रही थी, ना तनाव और न कोई चिंता। वह निश्चिंत होकर प्रतियोगिता मैदान में आकर बाकी प्रतिभागियों के साथ कतार में खड़ा हो गया। सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिए गए। सीटी बजी, एक-दो-तीन की आवाज के साथ रेस आरंभ हुई। इस बार कमाल हो गया। विजित सबसे आगे था। बड़ी आसानी से विजित ने साइकिल रेस पूरी की। वह प्रथम आया। वह आज बहुत खुशी के साथ ट्रॉफी लेकर घर आया। मम्मी-पापा ने उसे गले लगाया और शाबाशी दी। पापा बोले कि रविवार को उसे अपने साथ शहर के प्रसिद्ध खेल म्यूजियम की सैर कराने ले जाएंगे। रविवार को विजित म्यूजियम गया। उसने वहां पुराने समय के बड़े-बड़े चैंपियंस की फोटोज देखीं, उनसे जुड़ी जानकारी ली, जो उसके लिए बहुत इंस्पायरिंग थी। विजित ने संकल्प लिया, वह भी इनकी तरह खेल की दुनिया में कोई बड़ी जीत हासिल करेगा, अपने देश का गौरव बढ़ाएगा, अपना नाम भी रोशन करेगा। *

कविता

डॉ. कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव




## आओ भैया खेलें खेल

आओ भैया खेलें खेल
चोर-पुलिस हम आओ खेलें
बन राजू एक सिपाही।
मैं इंस्पेक्टर बन जाऊंगी,
इक चोर बनेगी माही।
भैया तुम सरदार बनोगे,
भेजूंगी मैं सबको जेल।
आओ भैया खेलें खेल।
छुपन-छुपाई आओ खेलें,
राजू, माही आएंगे।
सौ तक गिनती बोलोगे तुम,
हम सब तब छुप जाएंगे।
टीप पड़ेगी तुम पर भैया,
कर देंगे हम तुमको फेल।
आओ भैया खेलें खेल।
डॉक्टर-डॉक्टर आओ खेलें,
अब बात सुनो तुम मेरी।
तुम मरीज बन जाना मेरे,
तुम तनिक न करना देरी।
तुमको सुई लगाऊंगी मैं,
मत तुम खाना पूड़ी भेल।
आओ भैया खेलें खेल।
ट्रेन-ट्रेन हम आओ खेलें,
आपस में मिलजुल सारे।
डिब्बे माही, राजू बनकर,
तुम गार्ड लगोगे प्यारे।
इंजन बन नानी घर जाऊं,
कितनी अच्छी अपनी रेल।
आओ भैया खेलें खेल।

## जीके क्विज-168

1. जुलाई-2025 का आइसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ किस क्रिकेटर को चुना गया?
2. किस भारतीय खिलाड़ी को 'हॉकी का जादूगर' उपनाम से जाना जाता है?
3. ओलंपिक में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक किसने जीता था?
4. मनिका बत्रा का संबंध किस खेल से है?
5. खेलों से संबंधित द्रोणाचार्य पुरस्कार किसे प्रदान किया जाता है?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. फुटबॉल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते है?
8. डेविस कप किस खेल से संबंधित है?
9. 'एलबीडब्ल्यू' टर्म किस खेल से संबंधित है?
10. भारत में खेलों से संबंधित कौन सा सबसे बड़ा पुरस्कार दिया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-168 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-167 का उत्तर :** 1.रोहित कृष्ण, 2.सोडियम और क्लोराइड, 3.मनिका विश्वकर्मा, 4.मेजर ध्यानचंद, 5.मुंबई, 6.बारिश या तूफान का संकेत, 7.यमुना, 8.ब्राजील, 9.नाइट्रोजन, 10.यूएसए और कनाडा

**जीके क्विज-167 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, नैतिक-मानपुर, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, आदित्य-रोहतक, कुसुम-भोपाल, संकेत-रायगढ़, अंकुर-बेमेतरा, रोहन-बालोद, कनिष्क-दिल्ली, सार्थक-महासमुंद

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फुटबॉल खेल रहे कुछ लड़कों के एक जैसे दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। ये दोनों चित्र भले ही एक जैसे दिख रहे हों, लेकिन इनमें पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर: 1.फुटबॉल पर ब्लैक स्पॉट्स नहीं है। 2.बाईं तरफ के लड़के की स्पोर्ट्स टीशर्ट का प्रिंट अलग है। 3.गोल कीपिंग कर रहे लड़के की टीशर्ट पर नंबर प्रिंट नहीं है। 4.दाहिनी तरफ लाल टीशर्ट पहने लड़के के एक पैर में मोजा नहीं है। 5.बैकग्राउंड में दाहिनी तरफ हरियाली कम दिख रही है।

## गिनकर बताओ

बच्चो, यहां अलग-अलग स्पोर्ट्स में यूज होने वाली बॉल्स के कई सारे चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ कि यहां कौन-सी बॉल कितनी संख्या में है?

